सोमवार, 14 जुलाई 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 84% |
| सूर्योदय: 5:00 | सूर्यास्त: 18:24 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : तुम्हारी हिम्मत ही तुम्हें कठिनाईयों से बाहर निकालेगी।



लखनऊ में नई ब्रह्मोस परीक्षण सुविधा भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी: राजनाथ सिंह पृष्ठ 6

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# निर्वाचन आयोग ने अगले महीने से पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए जमीनी तैयारी शुरू की

## 28 जुलाई के बाद देशव्यापी पुनरीक्षण पर होगा आखिरी फैसला

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ)ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किये गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है। अधिकांश राज्यों ने 2002 और 2004 के बीच मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण किया था। एक अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी 28 जुलाई के बाद राष्ट्रव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम फैसला लेंगे, जब बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण से संबंधित मामला शीर्ष अदालत में फिर से सुनवाई के लिए आएगा। निर्वाचन आयोग ने घोषणा की है कि वह अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों की गहन समीक्षा करेगा, ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें हटाया जा सके।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में नेपाली और बांग्लादेशी नागरिक मिले

**निर्वाचन आयोग ने कहा – एक अगस्त से होगी जांच, 30 सितंबर को आएगी अंतिम सूची**

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के बड़ी संख्या में नागरिकों की पहचान हुई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बूथ स्तर के अधिकारियों ने घर-घर जाकर की गई जांच में इन विदेशी नागरिकों का पता लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि एक अगस्त से इनकी जांच शुरू की जाएगी और जो लोग भारतीय नागरिक नहीं हैं, उनके नाम 30 सितंबर को जारी होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में निर्वाचन आयोग की यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है। मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। जिन मतदाताओं के फॉर्म 25 जुलाई तक मिल जाएंगे, उन्हीं के नाम सूची में शामिल होंगे। 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। फॉर्म-6 के जरिए आम नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। बिना उचित जांच और सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा।

# देश भर में बंगालियों के कथित अपमान के विरोध में मुख्यमंत्री ममता 16 जुलाई को सड़क पर उतरेंगी

- उस दिन प्रत्येक जिले में आयोजित होंगे विरोध कार्यक्रम : चंद्रिमा भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा शासित राज्यों में कथित तौर पर बंगालियों के उत्पीड़न के आरोप लगातार उठ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार उक्त मुद्दे पर मुखर हुई हैं। अब मुख्यमंत्री खुद उक्त मुद्दे पर 16 जुलाई को विरोध में सड़कों पर उतरेंगी। यह जुलूस दोपहर 1 बजे कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर डोरीना क्रॉसिंग पर समाप्त होगा। मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि हावड़ा, भांगड़, दमदम और साल्टलेक से तृणमूल नेता, कार्यकर्ता और समर्थक इस जुलूस में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उसी दिन दोपहर 2 बजे से हर जिले में विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि आज देश भर में बंगाली बोलने वालों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बंगाली बोलने पर अपमान किया जा रहा है और डिटेंशन कैंप में भेजे जाने की धमकी दी जा रही है! क्या यही भारत है? राज्य की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने रविवार की दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने वहां इस मामले की जानकारी दी। चंद्रिमा ने कहा कि हम हैरान हैं, ये कैसा देश है! जब भी हम भाजपा शासित किसी भी राज्य में जाते हैं, अगर वह बंगाली है, तो उन्हें तो जैसे देशवासी माना ही नहीं जाता है! बंगाल की गरिमा का हर पल अपमान हो रहा है! वहीं, केंद्र सरकार इस आपराधिक कृत्य का समर्थन कर रही है। लोग डरे हुए हैं। अगर वह बंगाली है, तो बिजली और पानी की लाइनें काट दी जाती हैं। अगर आपके पास पहचान पत्र है, तब भी कोई लाभ नहीं है। साथ ही, एनआरसी की दहशत है। हम इस अत्याचार की निंदा करते हैं। ममता बनर्जी पहले भी विरोध कर चुकी हैं। वह इस बार भी विरोध करेंगी। चंद्रिमा ने वहां 16 जुलाई को जुलूस निकालने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे कॉलेज स्क्वायर से डोरीना क्रॉसिंग तक मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जुलूस निकाला जाएगा। उसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक जिलों में जुलूस निकाले जाएंगे। चंद्रिमा ने कहा कि दिल्ली में भी विरोध कार्यक्रम होगा।

## हरियाणा के नूंह में बृज मंडल यात्रा से पहले इंटरनेट, एसएमएस सेवाएं निलंबित

**गुरुग्राम :** हरियाणा के नूंह जिले में सोमवार को होने वाली बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा का शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के मकसद से क्षेत्र में कई प्रतिबंध लगाए गए हैं और यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी विश्राम कुमार मीणा ने रविवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी कर सभी तरह के हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल सिख समुदाय के सदस्यों द्वारा धार्मिक प्रतीक के रूप में धारण किए जाने वाले म्यान वाले कृपाण को ही इससे छूट दी गई है। आदेश में कहा गया है कि यात्रा के दौरान धार्मिक रूप से भड़काऊ या किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री वाले डीजे, लाउडस्पीकर या ध्वनि-वर्धक उपकरणों का उपयोग भी सख्त वर्जित रहेगा।

## सोनाली मिश्रा बनीं रेलवे सुरक्षा बल की पहली महिला महानिदेशक



**नयी दिल्ली :** रेलवे सुरक्षा बल के इतिहास में पहली बार किसी महिला अधिकारी को सबसे ऊंचा पद सौंपा गया है। मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा को रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से शनिवार (12 जुलाई) को जारी आदेश के अनुसार, नियुक्तियों पर कैबिनेट समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है और वह 31 अक्टूबर 2026 को सेवानिवृत्ति तक इस पद पर रहेंगी। वर्तमान डीजी मनोज यादव के 31 जुलाई को रिटायर होने के बाद मिश्रा यह जिम्मेदारी संभालेंगी।अपने विशिष्ट करियर में सोनाली मिश्रा ने कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं। जुलाई 2021 में उन्हें भारत-पाकिस्तान सीमा पर पंजाब में बीएसएफ के गठन की पहली महिला कमांडर नियुक्त किया गया था। इसके अलावा उन्होंने कश्मीर घाटी में बीएसएफ के गठन का नेतृत्व भी किया है, जहां वे इंस्पेक्टर जनरल के रूप में तैनात थीं।

## अंतरिक्ष से भारत महत्वाकांक्षाओं से भरा और निडर दिखता है: अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला

**15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया तट के पास स्प्लैशडाउन की संभावना हैं**



नयी दिल्ली : अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने 18 दिनों के प्रवास के समापन पर कहा कि भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षा, निडरता, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। शुक्ला ने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में कहे शब्दों को दोहराते हुए कहा, "आज भी भारत ऊपर से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।" उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 'एक्सिओम-4' मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह टिप्पणी की। शुक्ला ने आईएसएस में अपने प्रवास का जिक्र करते हुए कहा, "यह मुझे जादुई सा लगता है... यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है।" शुक्ला 26 जून को आईएसएस पहुंचे थे। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। आईएसएस पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु शुक्ला और 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की विदाई का समय आ गया है और वे सोमवार को पृथ्वी के लिए अपनी वापसी यात्रा शुरू करेंगे। एक्सिओम-4 मिशन सोमवार को आईएसएस से अलग हो जाएगा और मंगलवार को कैलिफोर्निया तट पर इसके उतरने की उम्मीद है।

## टेट घोटाला : 32 हजार नौकरियों पर संकट, आज हाई कोर्ट में अहम सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी घोटाले की गूंज के बीच अब प्राथमिक शिक्षक भर्ती में हुए कथित टेट घोटाला भी चिंता का विषय बन गया है। साल 2014 के टेट के आधार पर की गई भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों पर अब 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी खतरे में पड़ गई है। यह मामला आज कोलकाता हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की एकल पीठ में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। सूत्रों के मुताबिक, इस केस की सुनवाई दोपहर 2 बजे हाई कोर्ट के 11 नंबर कोर्टरूम में हो सकती है। पिछली सुनवाई के दौरान जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती ने तीखा रुख अपनाते हुए पूछा था कि अगर भ्रष्टाचार सामने आता है, और प्रशासनिक अधिकारी भी इसमें लिप्त पाए जाते हैं, तो क्या एक न्यायाधीश चुप रह सकता है? उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि अदालत यह नहीं देखेगी कि किसे लाभ मिला या नहीं, बल्कि अगर भ्रष्टाचार सामने आता है तो कार्रवाई की जाएगी। इस बार, सुनवाई के दौरान 'वंचित अभ्यर्थी' पहली बार अदालत में अपनी बात रखेंगे। उनके वकील अदालत से मांग कर सकते हैं कि पूरा पैनल रद्द किया जाए या सभी 32,000 नौकरियां रद्द की जाएं।

## ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ धन शोधन मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उसने सहारा समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सहारा समूह के चेयरमैन की मुख्य प्रबंधन टीम के एक कार्यकारी निदेशक और समूह के एक लंबे समय से सहयोगी सह संपत्ति ब्रोकर शामिल हैं। आरोपियों की पहचान क्रमशः वैलापरम्पिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा के रूप में हुई है। केंद्रीय एजेंसी ने बयान में कहा कि अब्राहम ने सहारा समूह की संपत्तियों की बिक्री के समन्वय और उसे सुगम बनाने में 'महत्वपूर्ण भूमिका' निभाई, जिनमें से कई में 'बेहिसाब' नकदी शामिल थी, जिसका कथित तौर पर गबन कर लिया गया था। जांच एजेंसी ने बताया कि वर्मा इनमें से कई संपत्ति लेनदेन को अंजाम देने में 'सक्रिय रूप से शामिल' था और उसने जानबूझकर इन बिक्री लेनदेन से प्राप्त बड़ी 'नकदी' आय को ठिकाने लगाने में मदद की, जिससे 'अपराध की कमाई' को छिपाने और नष्ट करने में मदद मिली। ईडी ने कहा कि हाल ही में इस मामले में की गई तलाशी के दौरान उसे 'अपराध सिद्ध करने वाले' सबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि सहारा समूह की संपत्तियों को एक-एक करके 'गुप्त' तरीके से बेचा जा रहा था।

## राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को किया मनोनीत

**उज्ज्वल निकम–मीनाक्षी जैन के नाम भी शामिल**

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्ज्वल देवराव निकम(निकम ने मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में रखा सरकार का पक्ष), केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते(1994 में माकपा वालों ने काट दिए थे सदानंदन मस्ते के पैर) , भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला (अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत रहे हैं श्रृंगला ) और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन (गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर हैं मीनाक्षी जैन) का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत इन लोगों को राज्यसभा के लिए चुना है।

## कांवड़ मार्ग पर भोजनालयों के लिए उप्र सरकार के क्यूआर कोड निर्देश के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड प्रदर्शित करने को अनिवार्य करने के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय 15 जुलाई को सुनवाई करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के निर्देश का उद्देश्य भोजनालयों के मालिकों के नाम और पहचान को उजागर करना है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ शिक्षाविद अपूर्वानंद झा और अन्य लोगों द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी। शीर्ष न्यायालय ने पिछले वर्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश द्वारा जारी इसी तरह के निर्देशों पर रोक लगा दी थी, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों और अन्य विवरणों के नाम प्रदर्शित करने को कहा गया था।

## आयकर रिफंड में 2013–14 से 474 प्रतिशत की वृद्धि, पिछले 11 वर्षों में जारी करने का समय हुआ बेहतर

**नयी दिल्ली :** आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ रुपये था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया। साल 2013 से दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में 133 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 में कुल 3.8 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो 2024 में बढ़कर 8.89 करोड़ हो गए हैं।

## बांग्लादेश में हिंदू व्यवसायी की पीट-पीट कर हत्या

**ढाका :** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की पीट-पीटकर हत्या मामले में रविवार तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराधियों की धर पकड़ के लिए देशव्यापी तलाशी अभियान चलाया गया। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि 9 जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान शुरू किया गया था।उन्होंने कहा, राजधानी मिटफोर्ड में हुई हत्या अत्यंत दुखद और बर्बर है। सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने शनिवार रात इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियां अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उनकी राजनीतिक पहचान कुछ भी हो।

## विमान दुर्घटना जांच का हिस्सा बनने के लिए कानूनी रास्ता अपनाने पर विचार कर रहा है एएलपीए-इंडिया

**मुंबई :** पायलटों के समूह एएल-पीए-इंडिया ने रविवार को कहा कि वह एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की जांच में अपने सदस्यों को शामिल करने के लिए कानूनी सहारा लेने पर विचार कर रहा है। इससे एक दिन पहले उसने आरोप लगाया था कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएल-पीए-इंडिया) देश भर की एयरलाइन और हेलीकॉप्टर कंपनियों के 800 से अधिक पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) का एक सदस्य है। आईएफएएलपीए का दावा है कि 100 देशों के एक लाख पायलट इसके सदस्य हैं। एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट की पृष्ठभूमि में, एएलपीए-इंडिया के प्रतिनिधि सोमवार को विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों से मिलेंगे। एएलपीए-इंडिया के अध्यक्ष सैम थॉमस ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट वेबसाइट पर डाल दी गई है। इस पर किसी के हस्ताक्षर नहीं हैं। हम पारदर्शिता चाहते हैं। हमने जांच पैनल में अपना प्रतिनिधित्व मांगा है।" थॉमस ने कहा कि उनके सदस्यों के पास इस क्षेत्र की विशेषज्ञता है और वे एअर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच में सार्थक योगदान दे सकते हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com




A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## तलाशें जानलेवा आक्रामकता के कारक

गुरुवार को हरियाणा से आई दो निर्मम हत्याओं की घटनाओं ने हर किसी संवेदनशील इंसान को झकझोरा है। गुरुपूर्णिमा के दिन दो शिष्यों ने नारनौंद में एक गुरु को चाकुओं से गोद दिया। वहीं गुरुग्राम में किसी बात पर आगबबूला पिता ने नाजों से पाली बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। यूं तो ये घटनाएं करोड़ों लोगों में उंगली पर गिनी जानी वाली हैं, लेकिन इन घटनाओं में रिश्तों और आत्मीय अहसासों का कत्ल हुआ, इसलिये हर कोई विचलित हुआ। इन हृदयविदारक घटनाओं ने हर किसी को उद्वेलित किया कि आखिर हम कैसा समाज रच रहे हैं? क्यों हम जरा-जरा सी बात पर अपनों व समाज में अब तक आदरणीय स्थान रखने वाले के खिलाफ ऐसी क्रूरता दिखाने लगे हैं। यूं तो हर रोज समाचारों में ऐसी खबरें तैरती रहती हैं, जिसमें हम विश्वास व रिश्तों का कत्ल होते देखते हैं। राह चलते मामूली विवाद में हत्याएं हो जाती हैं। सड़क पर एक कार का दूसरी से स्पर्श हो जाए या पार्किंग विवाद हो, लोग जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। लेकिन हरियाणा की दोनों घटनाएं अलग किस्म की हैं। अक्सर हम नई पीढ़ी के आक्रामक व्यवहार की बात करते हैं लेकिन गुरुग्राम में तो पिता ने अपनी पुत्री की हत्या कर दी। कतिपय समाचारपत्रों में गुरुग्राम में राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी की हत्या की वजह उसके रील बनाने का जुनून बताया गया, तो दूसरे पत्रों में बेटी द्वारा टेनिस अकादमी खोलने से पिता का नाराज होना। लेकिन ठंडे दिमाग से सोचें तो ये कोई ऐसी वजह नजर नहीं है कि पिता अपने ही जिगर के टुकड़े को गोली मार दे। जाहिर है विवाद व टकराव की लंबी पृष्ठभूमि होगी। नए दौर के बच्चे अति आत्मविश्वास से भरे हैं। उनमें उत्साह है, उमंग है तो बहुत कुछ करने का जज्बा भी है। उनके सपने बड़े हैं तो सोचने-समझने के तौर-तरीके भी जुदा हैं।

वहीं पुरानी पीढ़ी के संघर्ष से व सीमित संसाधनों में पले-पढ़े लोग नई व अपने से पहले की पीढ़ी के बीच तेजी से बदलते परिवेश से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास की तीव्र गति के बीच हमारे जीवन में बहुत कुछ तेजी से बदला है। पुरानी पीढ़ी इस संक्रमणकाल से सामंजस्य स्थापित करने में सहज महसूस नहीं कर पा रही है। नई पीढ़ी की स्वच्छंदता और अपने बड़े फैसले खुद लेने की प्रवृत्ति पुरानी पीढ़ी को रास नहीं आ रही है। जिसका प्रतिकार वे हिंसक तरीके से करने लगे हैं। वहीं नारनौंद की घटना हमें आक्रामक होते किशोरों की हकीकत पर विचार करने को बाध्य करती है। दो छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या किस वजह से की, उसकी हकीकत की असली तस्वीर जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन बात कोई भी हो किसी छात्र द्वारा गुरु की हत्या करने की वजह नहीं हो सकती। कहा जा रहा है कि प्रिंसिपल सख्त और बेहद अनुशासनप्रिय थे। लेकिन ये वजह किसी शिक्षक की हत्या को तार्किकता नहीं दे सकती। हत्या छात्र की हो या शिक्षक की, दोनों ही घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक दौर था कि अभिभावक खुद ही शिक्षक से कहा करते थे कि उनके पाल्य को कड़े अनुशासन में शिक्षा दीजिए। तब शिक्षक भी सख्ती करने से पीछे नहीं हटते थे। पढ़ाई ठीक से न करने और अनुशासन तोड़ने पर छात्रों की पिटाई आम बात हुआ करती थी। इस पर अभिभावक भी कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं देते थे। लेकिन लगता है कि नई पीढ़ी के विद्यार्थी किसी भी सख्ती को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, हमारे समाज में जिस आक्रामकता का विस्तार हुआ है, वह अब नई पीढ़ी के बच्चों में नजर आने लगी है। उनके अहम को जल्दी ठेस लग जाती है। वे कक्षा में किसी तरह की सख्ती, उलाहना और नसीहत सहने को तैयार नहीं हैं। इस पर जरा-सी ठेस लगने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर कई स्कूलों में छोटी-छोटी बात से ठेस लगने पर छात्रों की आत्महत्या की खबरें आती हैं। हमारे समाज विज्ञानियों को भी इन घटनाओं के आलोक में बदलते परिवेश में किशोरों की आक्रामकता के कारणों का मंथन करना होगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 जुलाई, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष चतुर्थी, 23:58 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 06:40 तक, योग : आयुष्मान, 16:10 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 21:04, चन्द्रास्त: 08:02, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 06:43 से 08:23

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का दिन आर्थिक और पेशेवर दृष्टि से आपके लिए सकारात्मक रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जो आपके अनुभव और आत्मविश्वास को मजबूत करेंगी।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। विशेषकर संपत्ति या जमीन से जुड़े झगड़ों या कागजी मामलों से दूर रहना आपके लिए हितकर होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को व्यापार की योजना बना सकते हैं या किसी पुराने व्यवसाय में नए तरीके अपनाने की कोशिश करेंगे। यह सोच सकारात्मक परिणाम दे सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। धन और समृद्धि के लिए दिन आपके पक्ष में है। कार्यस्थल पर आपके योगदान को सराहा जाएगा। आमदनी के नए स्रोत खुल सकते हैं।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से दिन अच्छा है। आप कुछ नई व्यावसायिक योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं, जो आने वाले समय में अच्छा लाभ देंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और पुराने वित्तीय विवाद या उलझनों का समाधान संभव है, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ है। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं, खासकर जिनका सरकारी विभागों, शिक्षा या बैंकिंग क्षेत्र से संबंध है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा। करियर में नई ऊंचाइयां छूने के संकेत हैं। व्यापारी वर्ग के लिए की गई यात्राएं आर्थिक लाभ लेकर आ सकती हैं।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन आर्थिक दृष्टि से स्थिरता और विकास के संकेत दे रहा है। धार्मिक या सामाजिक कार्यों में सहभागिता से मानसिक संतुलन मिलेगा।

**मकर :** मकर के लोगों को आर्थिक मामलों में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। कार्यस्थल पर कुछ लोग आपके विरुद्ध योजना बना सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा। आपके रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं, जिससे आर्थिक लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी योजना और दृष्टिकोण को सराहना मिलेगी।

**मीन :** आज का दिन शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कोई पुराने निवेश से बेहतर लाभ मिलने की संभावना है। किसी प्रॉपर्टी को लेकर आप काफी उत्साहित होंगे।

# सरस्वती: भूगर्भ में अंगड़ाई लेती नदी के नए प्रमाण



प्रमोद भार्गव

राजस्थान के डीग जिले के बहज गांव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जारी उत्खनन में 5500 से भी ज्यादा साल पुरानी प्राचीन भारतीय सभ्यता के अनेक अवशेष मिले हैं। इनमें सबसे प्रमुख ऋग्वेद में वर्णित सबसे प्रसिद्ध सरस्वती नदी प्रणाली के ठोस प्रमाण एक बार फिर मिले हैं। इस खुदाई में ब्राह्मी लिपि की मोहरों, मूर्तियों, हड्डी के औजार, शंख, मोती, चूड़ियां और सिक्कों के साथ मिट्टी के खंभों से बने भवन, ईटों की परतदार दीवारों वाली खंदकें, भट्टियं एवं यज्ञवेदियां भी मिले हैं। इन साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि उस समय के लोग वास्तुकला के साथ धातु विज्ञान और हथियार बनाने में दक्ष थे। ऋग्वेद में वर्णित सिंधु-सारस्वत सभ्यता में इन सब वस्तुओं और सरस्वती नदी से जुड़े अनेक मंत्र मिलते हैं। इन्हीं मंत्रों से प्राचीन आर्यावर्त का भूगोल, समाज, जीवनशैली और आर्य व अनार्यों के संघर्ष से जुड़ी अनेक गाथाओं का जीवंत चित्रण है। इन अवशेषों और नदी-तंत्र को 3500 ईसा पूर्व से 1000 ईसापूर्व तक की सभ्यता के प्रमाण माना जा रहा है। वैदिक कालीन नदी सरस्वती के अस्तित्व और उसकी भूगर्भ में अंगड़ाई ले रही जलधारा को लेकर भूगर्भशास्त्री, पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकारों में लंबे समय से मतभेद बना रहा है। यह मतभेद सैटेलाइट मैंपिग के बावजूद कायम रहा। यहां तक कि 6 दिसंबर 2004 को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री ने संसद में भी यह घोषणा कर दी थी कि इस नदी का कोई मूर्त प्रमाण नहीं है। यह मिथकीय है। दरअसल ये विरोधाभास किसी शोध के निष्कर्ष से कहीं ज्यादा वामपंथी सोच को पुख्ता करने के नजरिए से सामने आते रहे हैं,जिससे भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा को नकारा जा सके। किंतु अब न केवल हरियाणा के यमुनानगर जिले के आदिबद्री में सरस्वती का उद्गम स्थल खोज लिया गया है, बल्कि मुगल-वाली गांव में धरातल से सात फीट नीचे तक खुदाई करके नदी की जलधारा भी खोज निकाली है। इस धारा का रेखामय प्रवाह तीन किमी की लंबाई में नदी के रूप में सामने आया था। एक मृत पड़ी नदी के इस पुनर्जीवन से उन सब अटकलों पर विराम लगा है,जो वेद-पुरणों में वर्णित इस नदी को या तो मिथकीय ठहराते थे या इसका अस्तित्व अफगानिस्तान की 'हेलमंद' नदी के रूप में मानते थे।

सरस्वती की भौगोलिक स्थिति का बखान ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण महाभारत, ऐतरेय ब्राह्मण, भागवत और विष्णु पुराणों में है। ऋग्वेद में सप्तसिंधु क्षेत्र की महिमा को प्रस्तुत करते हुए जिन सात नदियों का वर्णन किया गया है, उनमें से एक सरस्वती है। अन्य छह शतद्रु; सतलुज, विपासा; व्यास, असिकिनी; चिनाव, पुरुष्णी; रावी वितस्ता; झेलम और सिंधु नदियां हैं। इनमें सरस्वती और सिंधु बड़ी नदियां थीं। सतलुज और यमुना सरस्वती की सहायक नदियां रही हैं। सरस्वती का प्रवाह पूरब से पश्चिम की ओर था, लेकिन हजारों साल पहले आए भयंकर भूकंप के कारण यमुना और सतुलज सरस्वती से अलग हो गईं। इन दोनों नदियों के मार्ग बदलने के बाद सरस्वती धीरे-धीरे अस्तित्व खोती हुई भूगर्भ में विलीन हो गई। कुछ भूगर्भशास्त्रियों का ऐसा मानना है कि 12 हजार साल पहले तक नदी स्वच्छ जलधारा के रूप में प्रवाहमान थी। लेकिन ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में सरस्वती की महिमा का गुणगान है, उससे लगता है पांच से सात हजार साल पहले तक यह नदी धरा पर बहती थी। क्योंकि नदी के धरती की कोख में समा जाने का वर्णन ऋग्वेद में नहीं है। जबकि ऋग्वेद की 60 ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख है। इनमें कहा गया है,सरस्वती हिमालयी पर्वतों से निकलकर, सप्तसिंधु क्षेत्र में बहती हुई कच्छ के रण में जाकर समुद्र में गिरती है। यह क्षेत्र वर्तमान में पाकिस्तान और भारत के पंजाब व हरियाणा में है।

किंतु सरस्वती का जो वर्णन महाभारत में है, उसमें इस नदी के विलोप होने के संकेत मिलते हैं। महाभारत के अनुसार सरस्वती समुद्र में समाने से पहले राजस्थान के रेगिस्तान विनसन में ही लुप्त हो जाती है। विष्णु पुराण में नदी के सिमटने के संकेत कवश नाम के एक मल्लाह द्वारा सरस्वती की वंदना करने की कथा के रूप में मिलते हैं। इस कथा के अनुसार पृथु द्वारा कराए जा रहे यज्ञ में जब कवश ने हिस्सा लेने की कोशिश की तो ऋषियों ने उसे बाहर कर दिया। निराश कवश ने मरुस्थल में जाकर सरस्वती की स्तुति की। फलतः सरस्वती की जलधार उसके चारों और फूट पड़ी। इस चमत्कार से प्रभावित होकर ऋषियों ने कवश को यज्ञ में भागीदारी करने की अनुमति दे दी। यही कथा ऐतरेय ब्रह्मण और भागवत पुराण में भी कही गई है।

कॉर्बन डेटिंग भी इस तथ्य की पुष्टि करती है कि 2000 से 1800 वर्ष ईसा पूर्व यह नदी विलुप्त हुई। महाभारत,विष्णु

**संदर्भः- राजस्थान के भरतपुर जिले में हुए पुरातत्व सर्वेक्षण में मिले सरस्वती नदी के प्रमाण**

पुराण,भागवत पुराण और ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथों की रचना लगभग इसी समय हुई बताई जाती है। साफ है, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों में सरस्वती का जो वर्णन है, वह कपोल कल्पित न होते हुए,वास्तविक है। नदी के सूखने के बाद हड़प्पा-मोहनजोदड़ो संस्कृति के उपासक गंगा यमुना के मैदानों की और पलायन कर गए। चूंकि इन लोगों की स्मृति में सरस्वती जीवंत थी,इसलिए इन्होंने प्रयाग में त्रिवेणी स्थल पर गंगा और यमुना के साथ सरस्वती के अंतसलिला होने की कथा गढ़ ली। सिंधु घाटी सभ्यता का नाम,हालांकि सिंधु नदी के नाम पर पड़ा था। इसे ही सरस्वती संस्कृति, सरस्वती सभ्यता और सिंधु सरस्वती सभ्यता के नामों से जाना जाता है। इसी सभ्यता में हड़प्पा संस्कृति फली-फूली थी। ऋग्वेद में हड़प्पा दुर्ग की गाथा हरियूपिया नाम से मंत्रों में कही गई है।

प्राचीन ग्रंथों में दर्ज सरस्वती के अस्तित्व को लेकर देशी-विदेशी भूविज्ञानी और भारतीय संस्कृति के अध्येता इसकी षोध और जमीनी खोज में जुटे रहे हैं। फ्रांस के भूविज्ञानी विवियेन सेंट मार्टिन ने 'वैदिक भूगोल' की रचना की थी। 1860 में लिखी इस पुस्तक में सरस्वती के साथ घग्गर और हाकड़ा की भी पहचान की थी। इसके बाद 1886 में अंगेजी हुकूमत ने भारत का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया था। इसके अधीक्षक आरडी ओल्ढ़म की रिपोर्ट बगांल के एशियाटिक सोसायटी जर्नल में छपी थी। इस रिपोर्ट में सरस्वती के नदी तल और इसकी सहायक नदियों, सतुलज व यमुना के पथ रेखांकित किए गए है। 1893 में इस रिपोर्ट ने प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक सीएफ ओल्ढ़म को प्रभावित किया। ओल्ढ़म ने इसी जर्नल में सरस्वती के भूगर्भ में उपस्थित होने की पुश्टि की है। साथ ही घग्धर और हाकड़ा के सूखे पथों का भी ब्यौरा दिया है। ये नदियां पंजाब में बहती थीं। पंजाब की लोकश्रुतियों में आज भी ये नदियां विद्यमान हैं। इन्हीं नदियों के पथ पर एक समय सरस्वती बहती थी। इसके बाद 1918 में टैसीटोरी,1940-41 में औरेल स्टाइन और 1951-53 में अमलानंद घोष ने सरस्वती की खोज में अहम भूमिका निभाई। इन सब विद्वानों ने अपने निष्कर्षों में सिद्ध किया कि सरस्वती के विलोपन का मुख्य कारण सतलुज और यमुना की धार बदलना था। सतलुज की धार सरस्वती से अलग होकर सिंधु में जा मिली। लगभग इसी समय यमुना ने भी अपनी धारा का प्रवाह बदल दिया और वह पश्चिम अपने बहने का रुख बदलकर पूर्व में बहकर गंगा में जा मिली। नतीजतन सरस्वती सूखती चली गई।

बाद में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इस विलुप्त नदी को खोजने की पहल की। 15 जून 2002 को केंद्रीय संस्कृति मंत्री जगमोहन ने सरस्वती के नदीतलों का पता लगाने के लिए खुदाई की घोषणा की। इस खोज को संपूर्ण वैज्ञानिक धरातल देने की दृष्टि से इसमें इसरो के वैज्ञानिक बलदेव साहनी,पुरातत्वविद् एस कल्याण रमन हिमशिला विशेषज्ञ वाईके पुरी और जल सलाहकार माधव चितले को शामिल किया गया। हरियाणा में आदिबद्री से लेकर भगवान पुरा तक पहले चरण में और भगवान पुरा से लेकर राजस्थान सीमा पर स्थित कालीबंगा की खुदाई प्रस्तावित थी। यह खोज कोई ठोस परिणाम दे पाती इससे पहले राजग सरकार गिर गई और डॉ मनमोहन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 6 दिसंबर 2004 को संसद में यह बयान देकर कि इस नदी का कोई मूर्त रूप नहीं है, इसे मिथकीय नदी ठहरा दिया। नतीजतन वाजपेयी सरकार की पहल अधूरी रह गई।

लेकिन राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के दर्शन लाल जैन 'सरस्वती शोध संस्थान' की अगुवाई में नदी की खोज की सार्थक पहल करते रहे। उन्होंने अपनी खोज के दो प्रमुख आधार बनाए। एक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में प्राचीन इतिहास विभाग के प्राध्यापक रहे डॉ विष्णु श्रीधर वाकणकर की सरस्वती खोज पदयात्रा और दूसरा 2006 में आए तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के सर्वे खुदाई को। वाकणकर की यात्रा आदि बद्री से शुरू होकर गुजरात के कच्छ के रण पर जाकर समाप्त हुई। ओएनजीसी ने डॉ एमआर राव के नेतृत्व में सरस्वती के पथ व नदीतलों के पहले तो उपग्रह-मानचित्र तैयार किए, फिर धरातलीय साक्ष्य जुटाए। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के काला अंब के पास सरस्वती टियर फाल्ट का गंभीर अध्ययन किया। अध्ययन के परिणाम में पाया कि हजारों साल पहले आए भूकंप के कारण यमुना और सतलुज ने अपने मार्ग बदल दिए थे। यमुना पूरब में बहती हुई दिल्ली पहुंच गई और सतलुज पश्चिम होते हुए सिंधु नदी में जा मिली। जबकि पहले इन दोनों नदियों का पानी सरस्वती में मिलकर हरियाणा, राजस्थान व गुजरात होते हुए कच्छ में मिलता था।

अवशेषीय अध्ययन के बाद ओएनजीसी ने राजस्थान के जैसलमेर से सात किलोमीटर दूर जमीन में करीब 550 मीटर तक गहरा छेद किया। यहां 7600 लीटर प्रति घंटे की दर से स्वच्छ जल निकला। इस प्रमाण के बाद ओएनजीसी ने भारत विभाजन के बाद भारतीय पुरातत्व संस्थान द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण का भी अध्ययन किया। इससे पता चला कि हरियाणा व राजस्थान में करीब 200 स्थलों पर सरस्वती के पानी के निशान हैं। डीग में एक बार फिर सरस्वती के नए प्रमाण मिलने से इसके ऋग्वैदिक अस्तित्व को प्रामाणिकता मिली है।-लेखक/पत्रकार

# फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की चौंकाने वाली रपट



तारकेश्वर मिश्र

वैश्विक आतंकवाद पर निगरानी रखने वाली संस्था-फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ ने एक बीती 7 जुलरई को जारी की। इस रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि दहशतगर्द अब विस्फोटक खरीदने के लिए ई-कॉमर्स वेबसाइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं और ऑनलाइन पेमेंट के जरिए आतंकी गतिविधियां बढ़ा रहे हैं।

एफएटीएफ की रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान 'शहीद' हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित 'जैश-ए-मुहम्मद' के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है।

एफएटीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी राज्य अगर आतंकी समूहों को धन या संसाधन उपलब्ध कराता है, तो यह उसके मानकों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का उल्लंघन है। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान विशेष रूप से उल्लेखित है क्योंकि यह राज्य प्रायोजित आतंकी समूहों, जैसे लश्कर-ए-तैय्यबा और जैश-ए-मोहम्मद को धन उपलब्ध कराने का केंद्र बन गया है। इस रिपोर्ट में एफएटीएफ ने भारत के उसी दावे को एक तरह से दोहराया है, जिसमें वह पाकिस्तान पर राज्य प्रयोजित आतंकवाद का आरोप लगाता रहा है और लश्कर व जैश जैसे आतंकी संगठनों को वित्तपोषण व सैन्य प्रशिक्षण देने का दावा करता रहा है। असल में, एफएटीएफ ने पाकिस्तान द्वारा राज्य प्रायोजित आतंकवाद की पोल खोल दी है। एफएटीएफ ने मसूद अजहर, हाफिज सईद और साजिद मीर जैसे आतंकियों पर कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी भी जाहिर की है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट बताती है कि भारत-पाक सीमा से जुड़े समूहों के लिए नकली गैर-लाभकारी संगठनों का उपयोग कैसे हो रहा है। अल-रशीद ट्रस्ट और अल-फुर्कान फाउंडेशन जैसे समूह, परोपकारी प्रॉक्सी रूपों में सक्रिय रहे और आतंकवादी गतिविधियों को छिपाकर आर्थिक सहयोग मुहैया कराया गया । वहीं जैसे लश्कर-ए-तैय्यबा और जैश-ए-मोहम्मद ने पूर्वी एशियाई देशों में नकली गैर-लाभकारी संगठन यानी एनओपी की स्थापना करके, मानवीय सहायता दान कार्यक्रमों का दुरुपयोग किया और धन को आतंकवाद संचालन में मोड़ा।

एफएटीएफ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि 'किसी की आर्थिक मदद के बिना' यह हमला संभव नहीं था। यह हमला 'लश्कर-ए-तैयबा' के मुखौटा संगठन 'टीआरएफ' के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है।एफएटीएफ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट 'पेपाल' ऐप से किया गया था। एफएटीएफ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी।

एफएटीएफ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को 'ग्रे सूची' में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो एफएटीएफ पाकिस्तान की जांच कर उसे 'ग्रे सूची' में डालने से क्यों हिचक रहा है? 'ग्रे सूची' के बजाय अब पाकिस्तान को 'काली सूची' में डाल दिया जाना चाहिए।

एफएटीएफ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद 'खुला खेल' है। वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। एफएटीएफ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है।

एफएटीएफ ने बताया है कि अमेजन जैसे मार्केटप्लेस धनशोधन का जरिया भी बनते जा रहे हैं। यह ऐसे अंजाम दिया जाता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि आतंकी ई-मार्केटप्लेस पर ऐसे सस्ते उत्पाद को उतारते हैं, जो कि आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकते हैं। इन्हें ऑनलाइन महंगे से महंगे दाम पर प्रचारित किया जाता है। 'ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम' के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है ।उत्पाद को आतंकी नेटवर्क में ही शामिल किसी और स्थान पर बैठा दूसरा दहशतगर्द खरीद लेता है और इसकी रकम का भुगतान कर देता है।यह रकम सीधे उत्पाद को बेचने वाले आतंकी के पास पहुंच जाती है और उसकी तरफ से भेजा गया सामान मार्केटप्लेस की डिलीवरी प्रणाली से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंच जाता है।

इस तरह भेजा गया उत्पाद भी किसी आतंकी गतिविधि में इस्तेमाल हो सकता है और इसकी एवज में भेजी गई रकम भी आतंकी वित्तपोषण में इस्तेमाल हो सकती है। चूंकि यह पूरा लेन-देन उत्पाद खरीदने-बेचने के तौर पर होता है, इसलिए यह खुफिया एजेंसियों की नजर से भी बचे रहते हैं। यानी सीधे पैसे ट्रांसफर के मुकाबले ज्यादा गुप्त। एफएटीएफ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं।

भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी गतिविधियों में चीन से जुड़ी ऐप्स, क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट, सैटेलाइट फोन्स और डार्कनेट के इस्तेमाल को लेकर भी खतरे का अलर्ट दिया है। रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट (2024), पुलवामा हमला (2019), बिहार- नेपाल बॉर्डर से नकली नोटों की खेप की बरामदगी और आईएसआईएस की तरफ से कट्टरपंथ को बढ़ावा देने की जांच (2020) में भी भारत को कुछ ऐसे ही मोडस-ऑपरेंडी के सबूत मिले थे।

एफएटीएफ ने पहली बार अपनी रिपोर्ट में किसी देश की तरफ से प्रायोजित आतंकवाद का भी जिक्र किया है। संस्था ने कहा है कि यह दर्जा उन देशों को दिया जाएगा, जो अपनी आधिकारिक नीतियों के तहत आतंकी संगठनों और गतिविधियों का वित्त-पोषण करते हैं। एफएटीएफ के मुताबिक, कुछ आतंकी संगठनों को लगातार सीधे देश की सरकारों से समर्थन और वित्तीय सहायता भी मिल रही है। फ्रांस की आतंकरोधी संस्था ने इस तरह इशारों-इशारों में पाकिस्तान को घेरा है, हालांकि रिपोर्ट में उसके नाम का जिक्र नहीं किया।

आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' के दौरान उठाया और 'साझा बयान' में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व-मत तैयार करने की कोशिश की। 'ब्रिक्स' ने पहलगाम नरसंहार पर 'निंदा प्रस्ताव' भी पारित किया। अब यह 'ब्रिक्स' देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें।

आतंकवाद को सिर्फ हमला करने वाले आतंकियों तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, फंडिंग करने वाले, प्रायोजक देश भी आतंकवाद की परिधि में माने जाएंगे, लिहाजा उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाना होगा। इस तरह पाकिस्तान हर स्तर पर बेनकाब हो रहा है। बहरहाल भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खासतौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल आतंक का एक चालाक खेल सामने आया है, जिसे यहीं कुचल देना चाहिए।

-राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 3152

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | ■ | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | ■ | 8 | | | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 10 | 11 | | ■ | | ■ | 12 | 13 | 14 | ■ |
| ■ | 15 | | 16 | | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 21 | | ■ | 22 | | | 23 | |
| 24 | 25 | ■ | 26 | 27 | | ■ | ■ | | ■ |
| 28 | | | ■ | | ■ | 29 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) चिरनिद्रा, 5) दावत, 7) दुष्ट, 8) बहुत गरम, 9) जिस्म, 10) झूठा, 12) उत्साह; बौखलाहट, 15) अभागा, 18) नाखूनों से फाड़ना, 20) एक गुठलीदार फल, 21) दिशा में, 22) असंभव, 24) वाद्य, 26) संपूर्ण, 28) पति की बहन, 29) योग्यता.

*ऊपर से नीचे:-* 1) देखरेख, 2) निकट भूतकाल, 3) नागरिक, 4) जामिनी; प्रतिभूति, 5) सूर्योदय, 6) एकत्र होना; सघन होना, 9) एक ऋतु, 11) एक इतिहासकालीन बादशाह, 13) आकर्षक; सुंदर, 14) केश, 16) घृणा, 17) कुख्यात, 19) नासमझ, 20) गूंगा, 23) कहाँ, 25) प्राण-शक्ति, 27) लाश; मिट्टी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ़ | सो | स | ■ | त | मा | श | बी | न |
| धि | ■ | ■ | फ | ल | क | ■ | क | ■ | र |
| क | ल | क | ल | ■ | रा | हु | ल | ■ | सं |
| ■ | ■ | प | ता | व | र | ■ | ■ | ■ | हा |
| आ | ह | ट | ■ | रां | ■ | बु | ध | वा | र |
| धा | र | ■ | ■ | ग | र | ल | ■ | न | ■ |
| ■ | क | त | रा | ना | ■ | बु | हा | र | नी |
| अं | त | ■ | ष्ट्री | ■ | सा | ल | ■ | ■ | र |
| डा | ■ | त | य | शु | दा | ■ | प्र | या | स |

## सुडोकू-पहेली-3109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | | | 5 | | | | 8 |
| 9 | | | | 6 | | 1 | | 7 |
| 6 | 4 | | 5 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 9 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |
| | | 2 | | | 6 | | 7 | |
| | | | 3 | | 1 | | | |
| | | 6 | | | | 9 | | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3108 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 9 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 |

# आईआईएम कोलकाता दुष्कर्म मामला : नौ सदस्यीय एसआईटी टीम गठित

**❑ आरोपित के परिजनों को पूछताछ के लिए तलब**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जोका स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोलकाता कैंपस में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। दक्षिण-पश्चिम डिविजन के डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर एक नौ सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है, जिसकी निगरानी एसीपी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। साथ ही, हरिदेवपुर थाने द्वारा आरोपित के परिजनों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है, जिससे जांच में बाधा आ रही है। इसी के मद्देनजर हरिदेवपुर थाने की ओर से आईआईएम कोलकाता प्रशासन को



एक आधिकारिक पत्र भेजा गया है, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी गई है। सुरक्षा संबंधित कॉलेज प्रशासन से जानकारी के तौर पर निम्न प्रश्न पूछे गए हैं, वर्तमान में जोका कैंपस में कौन-कौन से सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू हैं? बाहरी व्यक्तियों को एंट्री की प्रक्रिया क्या है? हॉस्टल गेट पर आगंतुकों की क्या जानकारी दर्ज की जाती है और उनके सामान की क्या जांच होती है? घटना के दिन पीड़िता से कोई सामान बॉयज हॉस्टल के प्रवेश द्वार पर लिया गया था या नहीं?जांच में यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह आरोपित एक बाहरी व्यक्ति को परिसर में घुसाने में सफल हुआ। पुलिस इसे सुरक्षा में गंभीर चूक मान रही है।

**❑ अपराधस्थल का पुनर्निर्माण की योजना**

घटना के दिन जिस पिज्जा डिलीवरी से खाना मंगवाया गया था, उस कंपनी के बिल को भी जब्त कर लिया गया है और डिलीवरी बॉय का बयान दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपित को लेकर बॉयज हॉस्टल में जाकर घटना स्थल का पुनर्निर्माण (क्राइम सीन रीकंस्ट्रक्शन) करने की योजना बना रही है, ताकि घटना के क्रम को स्पष्ट किया जा सके। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं आरोपित ने पीड़िता की कोई तस्वीर या वीडियो खींचकर प्रसारित तो नहीं की।

**❑ मेडिकल जांच और बयान के लिए अदालत में आवेदन**

पुलिस ने अदालत में अर्जी दाखिल कर पीड़िता का गोपनीय बयान दर्ज कराने और मेडिकल जांच कराने की अनुमति भी मांगी है। यह मामला फिलहाल कोलकाता में शैक्षणिक परिसरों में सुरक्षा को लेकर जनचर्चा और राजनीतिक बहस का विषय बन गया है, क्योंकि हाल के दिनों में छात्र नेताओं से जुड़े कई विवाद सामने आए हैं। जब तक जांच की सारी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जाती है और फॉरेंसिक डिपार्टमेंट के प्रमाण नहीं आ जाते पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक इस संवेदात्मक स्थिति पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

## 'दुष्कर्म' की घटना के बाद छात्रों की चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहे : आईआईएम-कलकत्ता

**कोलकाता, समाज्ञा : भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता ने रविवार को कहा कि वह अपने परिसर में एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के मद्देनजर छात्रों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। प्रभारी निदेशक सैबल चट्टोपाध्याय ने बताया कि हम अपने छात्रों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक रूप से लगातार उनके साथ संपर्क में हैं। मैंने अपनी टीम को स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया है। यह मेरा स्पष्ट निर्देश है। उन्होंने कहा कि आईआईएम-कलकत्ता परिसर सह-शिक्षा वाला है और हालिया घटनाक्रम से अभिभावकों में कुछ आशंकाएं उत्पन्न हुई हैं, जिसे उन्होंने 'स्वाभाविक' बताया, क्योंकि संस्थान ने पहले कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया है। चट्टोपाध्याय ने कहा कि मैं इस बारे में विस्तार से नहीं बता सकता कि हम क्या कर रहे हैं। हम शनिवार को अपने बयान में जो कुछ भी कह चुके हैं, उससे ज़्यादा कुछ मीडिया के साथ साझा नहीं करेंगे, क्योंकि यह मामला संवेदनशील और अदालत के विचाराधीन है।**

## उत्तर बंगाल में खोई जमीन और पुराने कार्यकर्ताओं को वापस लाने निकले शमिक भट्टाचार्य

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने पदभार संभालने के तुरंत बाद उत्तर बंगाल को साधने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। सोमवार से वे तीन दिवसीय उत्तर बंगाल दौरे पर जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, पुराने कार्यकर्ताओं को वापस लाना और आगामी चुनाव की रणनीति तैयार करना है।

इस दौरे की शुरुआत अलीपुरद्वार से होगी, जिसके बाद वे कोचबिहार, जलपाईगुड़ी, शिलिगुड़ी और दार्जिलिंग जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान शमिक भट्टाचार्य भाजपा के ज़िला नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे और संगठनात्मक मजबूती के लिए दिशा-निर्देश देंगे।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश नेतृत्व ने




सभी ज़िला अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क करें और उन्हें सक्रिय रूप से चुनाव पूर्व पार्टी गतिविधियों में शामिल करें। भाजपा का प्रयास है कि उत्तर बंगाल में अपनी खोई हुई पकड़ को दोबारा मजबूत किया जाए और पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की वापसी से संगठन को मजबूती मिले।

## नियुक्ति घोटाले में गोपनीयता पर जोर

# दस्तावेजों के संरक्षण को लेकर प्राथमिक शिक्षा परिषद सतर्क

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति घोटाले की जांच के बीच अब प्राथमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीबीपीई) दस्तावेजों के संरक्षण को लेकर पूरी तरह सतर्क हो गई है। 2016 की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी सभी नाथियों को सुरक्षित और गोपनीय रखने के लिए राज्य के सभी जिलों के डीपीएससी (जिला प्राथमिक विद्यालय परिषद) अध्यक्षों को परिषद की ओर से विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

प्राथमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने इस बाबत एक आधिकारिक पत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि



किसी भी स्थिति में बिना पूर्व अनुमति कोई भी दस्तावेज़ किसी को नहीं सौंपा जा सकता। परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यह मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए सभी संबंधित दस्तावेजों को अत्यंत गोपनीयता के साथ सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है।

बताया गया है कि 2016 की नियुक्ति प्रक्रिया विभिन्न जिलों के डीपीएससी कार्यालयों के माध्यम से संचालित हुई थी, जिस कारण हर जिले में इस भर्ती से संबंधित दस्ता-वेज़ मौजूद हैं। परिषद ने साफ निर्देश दिया है कि अगली सूचना तक कोई भी दस्तावेज़ नष्ट न किया जाए और इन्हें पूरी सावधानी के साथ सुरक्षित रखा जाए।

इस कदम को लेकर यह माना जा रहा है कि न्यायिक जांच या भविष्य में किसी भी तरह की कानूनी प्रक्रिया के दौरान यह दस्तावेज़ अहम साक्ष्य के रूप में काम आ सकते हैं।

# भांगड़ में तृणमूल नेता रज्जाक ख़ान की हत्या में पार्टी का 'प्रभावशाली' नेता गिरफ्तार

## विधायक शौकत मोल्ला का दावा, गिरफ्तार तृणमूल नेता पार्टी का सदस्य नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस नेता रज्जाक ख़ान की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तृणमूल के ही प्रभावशाली नेता मोफज्जल मोल्ला को रविवार को गिरफ्तार किया है। मोफज्जल, रज्जाक के पड़ोसी बूथ का अध्यक्ष और भांगड़ विधानसभा तृणमूल कमेटी सदस्य रह चुका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इलाके में उसका राजनीतिक दबदबा था, लेकिन रज्जाक के तेजी से उभार को लेकर उसके मन में जलन पैदा हो गई थी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि मोफज्जल मोल्ला ने खुद गोली नहीं चलाई, बल्कि पैसे देकर



सुपारी किलर से हत्या करवाई। उसका मकसद रज्जाक ख़ान को रास्ते से हटाकर इलाके में अपना एकछत्र प्रभाव कायम करना था। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि मोफज्जल, रज्जाक के विजयगंज बाजार के अध्यक्ष बनने से बेहद नाराज था, क्योंकि वह पहले से ही उस क्षेत्र की देखरेख कर रहा था। बाजार की जिम्मेदारी छिन जाने से रज्जाक के प्रति उसकी नाराजगी और बढ़ गई थी। इस हत्याकांड के पीछे शुरू में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) का नाम तृणमूल नेताओं ने लिया था, लेकिन अब जब खुद पार्टी का नेता गिरफ्तार हुआ है, तो सियासी गलियारों में उथल-पुथल मच गई है। तृणमूल के वरिष्ठ नेता शौकत मोल्ला ने मोफज्जल मोल्ला को पार्टी का जिम्मेदार पदाधिकारी मानने से इनकार करते हुए कहा कि वह न बूथ अध्यक्ष है, न ही विधानसभा कमेटी का सदस्य। वह एक सामान्य कार्यकर्ता मात्र है। हमारे साथ हजारों लोग काम करते हैं, कौन कब फोटो खिंचवा लेता है, उससे सब कुछ तय नहीं होता। फिर भी शौकत मोल्ला ने अपनी बात दो-हराते हुए दावा किया कि इस हत्या की साजिश के पीछे आईएसएफ का ही हाथ है। इस मामले की जांच न केवल काशीपुर थाना पुलिस, बल्कि कोलकाता पुलिस की स्पेशल ब्रांच और गुंडा दमन शाखा की अनुभवी टीमें भी कर रही हैं। पुलिस को शक है कि इस साजिश में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, इसलिए आरोपित से पूछताछ जारी है।

## हसनाबाद में बिजली के झटके से मजदूर की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट महकमा के हसनाबाद थाना अंतर्गत सिराजपुर में बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान हबीबुल्लाह गाजी (26) के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार को हबीबुल्लाह गाजी आमलानी पंचायत के सिराजपुर इलाके में एक दुकान में ड्रिल मशीन से दीवार तोड़ने का काम कर रहा था। काम के बीच में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे हबीबुल्लाह करंट लगने से जमीन पर गिर पड़ा। उसके सहयोगियों ने उन्हें तुरंत बचाया और टाकी ग्रामीण अस्पताल ले गए। हालांकि, वहां ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट स्वास्थ्य जिला पुलिस मुर्दाघर भेज दिया गया है। जांच अधिकारियों ने बताया कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## बेनियापुकुर में वृद्धा का सड़ा-गला शव घर से बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा**

महानगर में एक बार फिर एक अकेली रह रही वृद्ध महिला की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को बेनियापुकुर थाना अंतर्गत क्रिस्टोफर रोड स्थित एक क्वार्टर से एक सड़ी-गली लाश बरामद की गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लेकिन, वृद्ध महिला की मौत कैसे हुई? क्या यह बीमारी थी या इसके पीछे कोई और रहस्य था? पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करबी भट्टाचार्य (75) के रूप में की गई है। वह क्रिस्टोफर रोड स्थित सीआईटी क्वार्टर में अकेली रहती थीं। बताया गया है कि पड़ोसियों ने पिछले कुछ दिनों से वृद्ध महिला को नहीं देखा था। इस दिन, सुबह में उन्हें घर से दुर्गंध आई। शक होने पर उन्होंने थाने को सूचना दी। पुलिस ने जाकर आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया।

इसके बाद, पुलिस कर्मी दरव-ाजा तोड़कर कमरे के अंदर घुसे तो देखा कि महिला की सड़ी-गली लाश पड़ी थी। पुलिस ने वृद्ध महिला का शव पहले ही बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांचकर्ताओं को शक है कि मौत के पीछे कोई और रहस्य हो सकता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे बुजुर्ग महिला के परिवार वालों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।

## कैनिंग में छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप में स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग थाना इलाके में दिन-ब-दिन छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप में एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को अदालत में पेश किया गया। पता चला है कि कैनिंग थाना अंतर्गत दिघिरपाड़ पंचायत के रायबागिनी से सटे इलाके में एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रिंसिपल लक्ष्मण लीमा को गिरफ्तार किया गया है। कथित तौर पर, वह लंबे समय से स्कूल की 10वीं कक्षा की एक छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेज रहा था। कथित तौर पर, किसी को बताने पर उसे परीक्षा में फेल करने की धमकी भी दी गई थी। डर के मारे उसने किसी को कुछ नहीं बताया। एक समय पर, छात्रा ने अपने परिवार के सदस्यों को मामले के बारे में बताया। शनिवार की सुबह नाबालिग के माता-पिता प्रिंसिपल के कार्यालय पहुंचे। वहां उनके बीच बहस हुई। छात्रा के परिवार ने शनिवार की रात शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### टोलाहाट में छात्र से यौन उत्पीड़न के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

दक्षिण 24 परगना जिले के टोलाहाट थाना इलाके में चौथी कक्षा के एक छात्र पर स्कूल की एक शिक्षिक द्वारा कई दिनों तक छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पुलिस ने शनिवार की रात शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार की दोपहर काकद्वीप मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोप है कि शिक्षक कभी-कभी कक्षा समाप्त होने के बाद छात्रा को बुलाता और स्कूल की छत पर एक खाली कक्षा में ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। परिजनों को आखिरकार घटना का पता तब चला जब छात्रा डर के मारे स्कूल नहीं जाना चाहता था। शनिवार की दोपहर पीड़ित छात्रा के पिता ने टोलाहाट थाने में शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## बेटा छोड़कर भागा, अस्पताल के बाहर पांच दिनों से पड़ा मरणासन्न मरीज

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कल्याणी जेएनएम अस्पताल के बाहरी परिसर में इंसानियत को झकझोर देने वाला दृश्य सामने आया है। एक 70 वर्षीय एचआईवी पॉजिटिव वृद्ध मरीज, निशीथ मृधा, पिछले पाँच दिनों से अस्पताल के बाहर बिना इलाज के पड़े हुए हैं। आरोप है कि उनके बेटे नीलेष मृधा ने उन्हें अस्पताल लाकर छोड़ दिया और बीमारी का पता चलते ही भाग गया।

जानकारी के अनुसार, निशीथ मृधा नदिया के चांदुरिया, चाकदह के निवासी हैं। वह इलाज के लिए अस्पताल आए थे, लेकिन जब बेटे को उनके एचआईवी पॉजिटिव होने की जानकारी मिली, तो उसने उन्हें अस्पताल के बाहरी हिस्से में छोड़ दिया और वापस नहीं लौटा। अस्प-



ताल प्रशासन के अनुसार, निशीथ को किसी अन्य वार्ड में भर्ती करने की सलाह दी गई थी, लेकिन बेटा उन्हें वहीं छोड़कर भाग गया।

बुजुर्ग के परिजनों को कई बार फोन करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अब सवाल यह है कि बिना परिजन और सहायक के, निशीथ मृधा का इलाज कैसे होगा? यह घटना न सिर्फ एक परिवार की संवेदनहीनता को उजागर करती है, बल्कि व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

**Name Change**

I, Tapan Dalui, son of Late Shambhu Dalui, residing at P-755, Parnashree Pally, Behala, Kolkata-700060, do hereby solemnly affirm and declare that Tapan Dalui and Dalui Tapan and Doloi Tapan is same and one identical person via affidavit before the 1st Class Judicial Magistrate Court at Alipore.

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली निविदा सूचना**

**[A] खुली निविदा सूचना सं:- EL-CON-500, दिनांक:- 27.06.2025** । भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता / रखरखाव / सीएलडब्ल्यू / चित्तरंजन, नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं कार्य हेतु निर्धारित तिथि को 12:00 बजे तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाएं उसी दिन (उद्घाटन तिथि) 12:00 बजे के तुरंत बाद खोली जाएंगी। **क्र.सं.: [1]** । **निविदा सं.: EL-CON-500** । **कार्य का विवरण:** 75 किलोवाट के पुराने पम्प-मोटर सेट को नये पम्प-मोटर सेट से बदलना। **निविदा बन्द होने / खुलने की तिथि: 19.07.2025** । **अनुमानित मूल्य (रुपये): ₹ 66,49,230.55/-** । **बयाना राशि / बोली सुरक्षा (रुपये): ₹ 1,33,000/-** । **समापन अवधि निविदा की वैधता:** 06 महीने। **निविदा की वैधता:** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज की लागत:** IREPS पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और Dy. CEE/M से प्राप्त करने के लिए ₹ 10,000.00 । **[B] खुली निविदा सूचना सं:- Tele CLWAVSYSMINI194, दिनांक:- 07.07.2025** । भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता / रखरखाव / सीएलडब्ल्यू / चित्तरंजन, नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे ई- प्रोक्योरमेंट सिस्टम (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं कार्य हेतु निर्धारित तिथि को 15:00 बजे तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाएं उसी दिन (उद्घाटन तिथि) 15:00 बजे के तुरंत बाद खोली जाएंगी। **क्र.सं.: [1]** । **निविदा सं.: TeleCLWAVSYSMINI194** । **कार्य का विवरण:** सीएलडब्ल्यू / सीआरजे में मिनी कॉन्फ्रेंस रूम में वीडियो कैम्पर के साथ ऑडियो कॉन्फ्रेंस सिस्टम की स्थापना। **निविदा बन्द होने / खुलने की तिथि: 28.07.2025** । **अनुमानित मूल्य (रुपये): ₹ 33,64,872.67/-** । **बयाना राशि / बोली सुरक्षा (रुपये): ₹ 67,300/-** । **समापन अवधि निविदा की वैधता:** 01 महीने। **निविदा की वैधता:** 60 दिन। **निविदा दस्तावेज की लागत:** IREPS पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और Dy.CEE/M से प्राप्त करने के लिए ₹ 10,000.00 । **NOTE (For A & B):** 1. बोली लगाने वाले को सभी आवश्यक योग्यता दस्तावेज और पैन / जीएसटीआईएन की स्कैन की गई प्रतियां IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। 2. ई-टेंडर में भाग लेने के लिए बोली लगाने वाले के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) होना चाहिए। 3. कार्य लागू करों के अधीन होगा, जिसमें जीएसटी, बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू (भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण), आयकर और नियमों के अनुसार अन्य वैधानिक कर शामिल होंगे। 4. निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **NOTE (For A only):** 1. कार्य के लिए लागू समान प्रकृति के कार्यों की परिभाषा नीचे दी गई है। **कार्य की समान प्रकृति है- "यदि समान या उच्च क्षमता वाले पम्प और मोटर की आपूर्ति, स्थापना या समान या उच्च क्षमता वाले पम्पों की एएमसी या समान या उच्च क्षमता वाले पम्पों की मरम्मत।"**

**PR2/130** डीवाई. सीईई(एम) / चिरेका / चित्तरंजन

www.facebook.com/clwrailways **पर हमें देखें**

## बागदा में ग्राहक सेवा केंद्र चलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्राहक सेवा केंद्र चलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में मुख्य आरोपी को बागदा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अमित मंडल है। पता चला है कि उत्तर 24 परगना के बागदा थाना अंतर्गत नतून बाजार में हेलेंचा निवासी दंपत्ति अर्पिता अधिकारी मंडल और उनके पति अमित मंडल एक सरकारी बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते थे। इस बीच, गांव के गरीब लोगों द्वारा जमा किए गए पैसे लेकर दंपत्ति लापता हो गए थे। गत मंगलवार को ग्राहक सेवा केंद्र के सामने ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ा। लिखित शिकायत मिलने के बाद बागदा थाना पुलिस ने शनिवार की शाम को बनगांव थाना अंतर्गत जोका आमतला से अमित



को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को एक गोपनीय सूत्र से जानकारी मिली कि अमित योगा आमतला क्षेत्र में अपने किसी जानने वाले से मिलने आया होगा।

पुलिस ने अमित को गिरफ्तार कर उसकी पत्नी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति को रविवार को बनगांव उपजिला न्यायालय में भेज दिया है, जिसमें 10 दिन की पुलिस हिरासत का अनुरोध किया गया है।

# न्यू बैरकपुर में जिम ट्रेनर पर घर बुलाकर युवती से दुष्कर्म की कोशिश का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक जिम ट्रेनर पर एक युवती को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म करने की कोशिश का आरोप लगा है। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की गई। न्यू बैरकपुर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना की शिकायत दर्ज होने के बाद रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विद्युत दे है। वह न्यू बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड 18 के नवजीवन मोड़ इलाके का निवासी है। बताया गया है कि उसके घर में एक जिम है। वह उस जिम में व्यायाम और प्रशिक्षण करते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था। इसी स्रोत से कुछ साल पहले निमता




निवासी 23 वर्षीय उक्त युवती सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आई थी। दोनों के बीच अक्सर बातचीत होती थी। शनिवार की रात को भी उनकी बातचीत हुई। कथित तौर पर, बातचीत के दौरान जिम ट्रेनर ने युवती पर अपने घर आने का दबाव बनाया। इसलिए, युवती निमता इलाके की एक दोस्त और सहेली के साथ युवक के घर गई। कथित तौर पर, घर पहुंचने के कुछ देर बाद नशे में धुत जिम ट्रेनर ने युवती से दुष्कर्म करने की कोशिश की। युवती ने विरोध किया तो उसने उसकी पिटाई कर दी। उसे बचाने की कोशिश में पीड़िता की दोस्त और सहेली पर भी जिम ट्रेनर ने हमला कर दिया। वे किसी तरह जिम ट्रेनर के घर से निकलकर न्यू बैरकपुर थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पीड़िता का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद, पुलिस ने रविवार की सुबह आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## फर्जी लाइसेंस रखने के आरोप में नामी ज्वेलरी कंपनी के तीन सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने फर्जी लाइसेंस रखने के आरोप में कोलकाता की एक नामी ज्वेलरी कंपनी के तीन सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम नरेंद्रपुर निवासी दिनेश महाली (45), ढोलाहाट निवासी राजू सरदार (37) और नदिया के चकदह निवासी बिस्वजीत सरकार (40) हैं। एसटीएफ ने उनके पास से फर्जी लाइसेंस, आग्नेयास्त्र और कारतूस जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों को रविवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 22 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने एक शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। इसके बाद, ज्वेलरी कंपनी के तीनों



सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा गार्डों ने फर्जी आग्नेयास्त्र प्रमाण पत्र दिखाकर हायरिंग कंपनी को धोखा दिया। इस बीच, आभूषण कंपनी के विभिन्न स्टोरों पर तैनात 13 सुरक्षा गार्डों से 13 लाइसेंसी बंदूकें, 11 बंदूकें और 49 राउंड कारतूस जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि इन्हें आगे की जांच के लिए जब्त किया गया है।

# जोका-माजेरहाट रूट पर बढ़ेगी मेट्रो सेवा, सोमवार से चलेंगी 72 ट्रेनें

**कोलकाता :** मेट्रो यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। अब जोका और माजेरहाट स्टेशनों के बीच चलने वाली पर्पल लाइन मेट्रो सेवाओं की संख्या और समय दोनों में बढ़ोतरी की जा रही है। मेट्रो रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की मांग को देखते हुए 14 जुलाई 2025 (सोमवार) से इस रूट पर मेट्रो सेवाएं और सेवा समय बढ़ाने का निर्णय लिया है।

अब इस रूट पर प्रतिदिन कुल 72 मेट्रो सेवाएं (36 अप और 36 डाउन) चलाई जाएंगी, जो पहले की तुलना में 10 अधिक होंगी। वर्तमान में सोमवार से शुक्रवार तक इस रूट पर 62 सेवाएं (31 अप और 31 डाउन) चलती हैं। नई



व्यवस्था के तहत मेट्रो ट्रेनें हर 21 मिनट के अंतराल पर चलेंगी, जो पहले 24 मिनट था। इसके अलावा, सेवा का समय भी बढ़ा दिया गया है। अब मेट्रो सुबह 07:57 बजे से रात 20:32 बजे तक चलेगी, जबकि पहले यह सेवा 07:57 बजे से 20:17 बजे तक थी।

हालांकि, शनिवार और रविवार को इस रूट पर मेट्रो सेवाएं पहले की तरह बंद रहेंगी।

पहली ट्रेन माजेरहाट से सुबह 07:57 बजे और जोका से सुबह 08:00 बजे रवाना होगी, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। आखिरी ट्रेन अब रात 20:15 बजे जोका और माजेरहाट दोनों स्टेशनों से चलेगी, जो पहले 20:00 बजे होती थी।

मेट्रो प्रशासन को उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी।



# मुर्शिदाबाद में दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित तीन गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों और एक भारतीय दलाल को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि शनिवार की देर रात रानीनगर थाना की पुलिस ने काहरपाड़ा सीमा के पास लोहे के पुल पर संदिग्ध रूप से घूमते पाए जाने के बाद उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में जब दोनों ने खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया, तब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के नाम नुरुल इस्लाम (40) और मोहम्मद बादशाह (30) हैं। दोनों बांग्लादेश के राजशाही जिले के चपाई नवाबगंज थाना अंतर्गत चर बागडांगा और नरेंद्रपुर गांव के निवासी हैं। गिरफ्तार भारतीय युवक का नाम



लालन शेख (32) है, जो रानीनगर थाना क्षेत्र के खमरपाड़ा गांव का रहने वाला है। दरअसल, पुलिस को शनिवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद रानीनगर थाना के एएसआई शेख मोइदुल इस्लाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीमा पर निगरानी तेज कर दी। रात में काहरपाड़ा के लोहे के पुल पर तीन लोगों को संदिग्ध अवस्था में देख पुलिस ने उन्हें रोका और पूछताछ की। दो लोगों ने कबूल किया कि वे बांग्लादेशी हैं और तीसरे, भारतीय युवक लालन शेख को पैसे देकर भारत में प्रवेश किया है। लालन शेख पर आरोप है कि वह अब तक सात बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में घुसाने के बदले कुल 63 हजार रूपए ले चुका है। उसकी योजना थी कि वह उन्हें अलग-अलग चरणों में भारत में प्रवेश कराएगा। दो लोगों को वह पहले ही लेकर आ चुका था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों ने बताया कि वे भारत में अवैध प्रवेश कर केरल जाना चाहते थे, जहां वे प्रवासी मज़दूर के रूप में काम करने वाले थे। पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपितों सात दिनों की पुलिस रिमांड के आवेदन के साथ लालबाग अदालत में पेश किया। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# बांकुड़ा के बड़जोड़ा में तृणमूल की एकतरफा जीत, सभी 9 सीटों पर कब्जा

**बांकुड़ा :** पश्चिम बंगाल में पंचायत और सहकारी संस्थाओं के चुनावों में तृणमूल कांग्रेस का विजयी रथ जारी है। बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा पखन्ना कृषि विकास सहकारी समिति के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने सभी 9 सीटों पर बिना किसी मुकाबले जीत दर्ज की है। सभी सीटों पर सिर्फ तृणमूल समर्थित उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिससे मतदान की जरूरत ही नहीं पड़ी।

शनिवार को जैसे ही परिणामों की घोषणा हुई, पूरे बड़जोड़ा ब्लॉक में तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक रंग-अबीर खेलकर जीत का जश्न मनाने लगे। इस अवसर पर ब्लॉक तृणमूल अध्यक्ष कालिदास मुखर्जी और बड़जोड़ा विधायक आलोक मुखर्जी भी मौजूद थे। आलोक मुखर्जी ने कहा, यह जीत जनता के भरोसे और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। बिना किसी हिंसा और विवाद के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह सफलता बेहद सुखद है।

हालांकि विपक्ष ने इस चुनाव पर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा के विष्णुपुर जिला अध्यक्ष सुजीत अगस्ती ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने नामांकन प्रक्रिया में विपक्ष को भाग नहीं लेने दिया और लोकतंत्र की हत्या की है। वहीं सीपीएम नेता सुजय चौधरी ने कहा कि डर, धमकी और नामांकन न करने देने की घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि राज्य में लोगों के अधिकार खतरे में हैं।

इसके जवाब में तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष कालिदास मुखर्जी ने कहा, हमने जनता के साथ खड़े होकर काम किया है, इसलिए जनता ने हमें यह जिम्मेदारी दी है। यह जीत हमारे विकास कार्यों को और गति देगी।

## एक पहल ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**हावड़ा :** समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली एक पहल की तरफ से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को हावड़ा के श्री शांति विद्यालय के सभागार में सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग सैकड़ों 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान हुआ। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजा बाबू सिंह, अजीत दुबे, संजय पांडे, भृगुनाथ पाठक, अंजनी राय, लाल जी वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष आनंद तिवारी, चेयरमैन चन्द्रदेव चौधुरी, राजेश सिंह, अंशु सिंह, अवध बिहारी गुप्ता, मृत्युंजय मिश्रा, हरेराम चौबे आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच का सफल संचालन शिक्षक संतोष कुमार तिवारी ने किया।

## श्री जैन हॉस्पिटल में थ्री-डी सोनोग्राफी, डायलिसिस मशीन एवं पुनर्निर्मित एनआईसीयू का लोकार्पण

❑ **स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन हॉस्पिटल ने रविवार को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए थ्री-डी सोनोग्राफी मशीन, नई डायलिसिस मशीन और पूरी तरह से पुनर्निर्मित नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) का भव्य लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम अस्पताल की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को समाज के लिए समर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसे जनसेवा की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है। इस लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र खेतान (एडवाइजर ट्रस्टी, ज्योतिरमयी क्लब), शांतिलाल मालू (प्रख्यात उद्योगपति एवं समाजसेवी) तथा हंसा बांठिया (सामाजिक कार्यकर्ता) उपस्थित रहे। समारोह में स्व. राजेंद्र



बांठिया परिवार की ओर से प्रदान की गई डायलिसिस मशीन तथा शांतिलाल अरुण कुमार मालू परिवार द्वारा अस्पताल के एनआईसीयू विभाग का पूर्ण पुनर्निर्माण कराया गया।

इसके साथ ही, ज्योतिरमयी क्लब द्वारा दी गई अत्याधुनिक थ्री-डी सोनोग्राफी मशीन का भी उद्घाटन किया गया। क्लब का श्री जैन हॉस्पिटल के साथ वर्षों से जुड़ाव रहा है, जिसके तहत वह पूर्व में ऑपरेशन थिएटर टेबल, डायलिसिस मशीन और बुक बैंक के लिए कंप्यूटर जैसी सेवाएं भी उपलब्ध करा चुका है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सेवा क्षेत्र में क्लब की भूमिका प्रशंसनीय रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा करार द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुई। स्वागत भाषण सरदारमल कांकरिया ने दिया, जिसमें उन्होंने सभी दानदाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और अस्पताल की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। पन्नालाल कोचर ने सेवा भावना से प्रेरित सभी योगदानकर्ताओं की सराहना की और यह आश्वासन दिया कि अस्पताल सेवा कार्यों को लगातार आगे बढ़ाता रहेगा।

इस अवसर पर श्री जैन हॉस्पिटल की ओर से सरदारमल कांकरिया, पन्नालाल कोचर, रिधकरण बोथरा, विनोद मिन्नी, उदयचंद सेठिया, बिनोद कांकरिया, ललित कांकरिया, शशि कांकरिया, जयदीप पटवा एवं मनोज बोथरा की उपस्थिति रही।

धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप पटवा ने किया और कार्यक्रम का संचालन अशोक मिन्नी ने कुशलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम की सफलता में अस्पताल प्रबंधन टीम - संहिता हाजरा, रितेश दे, अजय कुमार पांडेय, सुहृता हाजरा, माधव मंडल, सुभाशीष दास, दीपु एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## पूर्व रेलवे श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलाएगा 22 स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में आयोजित होने वाला श्रावणी मेला देशभर के श्रद्धालु शिव भक्तों के लिए एक प्रमुख धार्मिक आयोजन है। लाखों की संख्या में कांवड़िए एवं श्रद्धालु देवघर और सुलतानगंज क्षेत्र की ओर प्रस्थान करते हैं और ऐसे में रेलवे को सबसे सुरक्षित एवं तेज साधन माना जाता है। यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे ने 14 जुलाई 2025 से अपने विभिन्न स्टेशनों से कुल 22 श्रावणी मेला विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये विशेष ट्रेनें मेला अवधि के दौरान अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेंगी, जिससे यात्रियों को अधिक लचीलापन और सुविधा मिल सकेगी।

14 जुलाई को चलने वाली प्रमुख विशेष ट्रेनों में 03157 मधुपुर-बनारस श्रावणी मेला स्पेशल (प्रस्थान 12:10 बजे), 05598 आसनसोल-जयनगर (13:00 बजे), 08645 भागलपुर-रांची (13:10 बजे), 03511 आसनसोल-पटना (17:00 बजे), 05027 देवघर-बढ़नी (18:45 बजे) और 03553 आसनसोल-दानापुर (19:30 बजे) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कई मेमू पैसेंजर ट्रेनों का भी संचालन होगा, जिनमें 03146/03145, 03148/03147 जसीडीह-दुमका-जसीडीह, 03150/03149 जसीडीह-गोड्डा-जसीडीह, 03507/03508 देवघर-जसीडीह-देवघर, 03480/03479 जमालपुर-सुलतानगंज-जमालपुर, 03501/03502, 03503/03504, 03505/03506 जसीडीह-बैद्यनाथ धाम-जसीडीह मेमू ट्रेनों का संचालन विभिन्न समयों पर किया जाएगा।

## हजारों कावंड़ियां बंधुओं के लिये कच्ची रसोई, चाय, शिकंजी, अल्पाहार, भोजन तथा विश्राम की व्यवस्था

**हुगली :** विश्वनाथ सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से श्रावणी मेले के अवसर पर प्रति सप्ताह हजारों कावंड़ियां बंधुओं के लिये कच्ची रसोई, चाय, शिकंजी, अल्पाहार, भोजन तथा विश्राम की व्यवस्था सावन महीने में की गई है। समाजसेवी आनन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में ब्राह्मणपाड़ा, हरिपाल में सेवा शिविर में उद्घाटनकर्ता सांवरमल धनानिया, प्रमुख अतिथि राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना, उमाशंकर क्याल, शंकरलाल कारीवाल, के डी अग्रवाल एवम् अतिथियों की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल धनानिया, चेयरमैन गोरधन निगानिया ने बताया समाजसेवी श्याम सुन्दर अग्रवाल (बड़वावाला) ने भवन में हाल, समाजसेवी सज्जन




सराफ, मनोहरलाल दीवान, सांवरमल धनानिया, अजय पोद्दार (सोनू) ने 4 कमरों के नव-निर्माण में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अतिथियों ने कार्यकर्ताओं की धार्मिक निष्ठा, सेवाकार्य की सराहना की। शिशु मन्दिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी ने सराहना की, आनंद अग्रवाल (चांद बाबू) ने बच्चों को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। गोरधन निगानिया ने बताया प्रांगण स्थित शिवालय में दैनिक पूजा की जाती है। अजय निगानिया, मनीष निगानिया, द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, सुमित निगानिया, विजय निगानिया, विजय गुप्ता (निगानिया), मुकेश निगानिया एवं कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## नेताजी एक्सप्रेस अब एलएचबी कोचों के साथ दौड़ेगी

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और आराम को प्राथमिकता देते हुए एक अहम कदम उठाया है। अब 12311/12312 हावड़ा - कालका - हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस को पारंपरिक आईसीएफ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) रैक के स्थान पर अत्याधुनिक एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) रैक के साथ चलाया जाएगा। यह परिवर्तन हावड़ा से 14 जुलाई 2025 और कालका से 16 जुलाई 2025 से प्रभावी होगा। एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से लैस होते हैं और तेज गति के साथ अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। इनमें चौड़ी खिड़कियां, बेहतर वेंटिलेशन, आरामदायक सीटिंग की सुविधा और एंटी-टेलिस्कोपिक तकनीक होती है, जो किसी भी दुर्घटना की स्थिति में कोचों के एक-दूसरे में घुसने की संभावना को कम करती है। इससे न केवल यात्रा का अनुभव बेहतर होगा बल्कि यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

पूर्व रेलवे का यह निर्णय यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और सकारात्मक कदम है। एलएचबी कोचों से सुसज्जित नेताजी एक्सप्रेस अब एक नए रूप में यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है।

## शोक संतप्त समाजजनों ने स्व. दिलीप अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बाल हनुमानजी के अनन्य भक्त, अखंड भक्ति पुंज स्व. दिलीप कुमार अग्रवाल की स्मृति में समाज द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस तथा स्थानीय पार्षद सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं श्री बाल हनुमान मंदिर के भक्त गण काफी संख्या में शामिल हुए, जिन्होंने अपनी नम आंखों से स्व. अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाईजी बजरंगलाल शर्मा जहां अपने परम शिष्य के प्रति अवरुद्ध कंठ और नम आंखों से अपनी भावना को व्यक्त करते अति असहज थे,वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके सक्षम नेतृत्व, जनहितैषी व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि स्व. दिलीप



अग्रवाल कर्मठ, दूरदर्शी व सभी को साथ लेकर चलने वाले समाजसेवी थे। स्व. दिलीपजी की धर्मपत्नी बबीता, पुत्र प्रणय, पुत्री निकिता, भाई मनोज सहित परिवार के सभी सदस्य श्रद्धांजलि सभा में सजल नेत्रों के साथ उपस्थित थे। विप्र फाउंडेशन, राजस्थान ब्राह्मण संघ, गौड समाज, श्री भूमि सत्संग समिति, श्री भूमि विकास मंच, गुरु नारायण भक्त मंडल, बांगुर एवेन्यू संसद, उड़ान आदि कई संस्थाओं के सदस्यों ने श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कई पत्रकार, शिक्षाविद, समाजसेवी, कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में रविवार की दोपहर गाय के साथ खेत से घर लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पुष्पा सांतरा (67) के रूप में की गई है। वह गोघाट के नकुंडा ग्राम पंचायत के कुलिया गांव की निवासी थी। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, शाम करीब 4 बजे से गरज और बिजली के साथ भारी बारिश शुरू हुई। बिजली बार-बार कड़कने लगी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जब बिजली गिरी पुष्पा सड़क के किनारे एक पेड़ के नीचे खड़ी थी। उसका शरीर झुलस गया। स्थानीय निवासियों ने कुछ देर बाद पुष्पा को बचाया और उसे घर ले गए। बाद में, पुष्पा को ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में, शव को गोघाट ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। पता चला है कि खेत में बिजली गिरने से एक और व्यक्ति बीमार पड़ गया है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## सॉल्टलेक डीबी ब्लॉक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, 350 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक डीबी ब्लॉक कम्यूनिटी हॉल में रविवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 350 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन विधाननगर वार्ड 39 के पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य राजेश चिरिमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में कुलोदय दुर्गा सेवा ट्रस्ट, सिद्धार्थ शंकर राय फाउंडेशन एवं सुरेश कुमार चिरिमार चैरिटेबल ट्रस्ट ने सह-आयोजक की भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर के साथ ही एक विशेष सामाजिक पहल के तहत विधाननगर क्षेत्र में प्रथम डेड बॉडी फ्रीजर सेवा का भी उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं और माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत बोस, विधायक तापस चटर्जी, फादर आइ. सी. जैकब, विधाननगर पुलिस कमिश्नर सुजय सरकार, इनर व्हील जिला 329 की अध्यक्ष सीमा सैंथोलिया, विधाननगर के कई पार्षदगण तथा विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए समाज में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया। आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा और संयोजन राजेश चिरिमार के नेतृत्व में किया गया, जिसकी प्रशंसा सभी अतिथियों ने की।

## नवकार में है विश्वमंत्र बनने की क्षमता : मुनि जिनेश कुमार

### किशोर-युवा प्रशिक्षण शिविर उजास का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमारजी ठाणा-3 के सानिध्य में किशोर-युवा प्रशिक्षण शिविर उजास का आयोजन तेरापंथ युवक परिषद पूर्वांचल द्वारा भिक्षु विहार, डिविनिटी पेवेलियन में किया गया।

उद्घाटन सत्र में 'नवकार करे भव पार' ।विषय पर विशाल जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार ने कहा-नवकार जैन धर्म का सुप्रसिद्ध मंत्र है। यह असाम्प्रदायिक एवं मंत्रों का राजा है, इसीलिए इसे महामंत्र कहते हैं। यह मंत्र संकट मोचक, पथ प्रदर्शक, विघ्न विनाशक, आत्म उन्नायक तथा सिद्धि दायक है। यह शक्तियों का अक्षयकोष है। बुद्धि और चेतना का उर्ध्वारोहण करता है। अन्य मंत्रों के साथ कामनाएं जुड़ी होती हैं, परन्तु




यह कामना और इच्छा को मिटाता है और आध्यात्मिक चिकित्सा करता है। यह नवग्रहों की शान्ति में भी सहायक है। नवकार में गुणों की वन्दना की गई है। इसमें विश्वमंत्र बनने की क्षमता है। इसमें पंच परमेष्टि अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय एवं साधुओं को नमन किया जाता है। मुनिश्री ने फरमाया कि युवाओं में उत्साह एवं लगन होती है। धार्मिक संस्कार होने से उनका जीवन और अधिक ऊर्जावान बन सकता है। युवा एवं किशोर व्यसनमुक्त होकर समाज व देश की सेवा कर सकते हैं।

मुनिश्री परमानन्द ने कहा-जिस समाज का युवा स्वस्थ व सशक्त होता है, वह समाज भी स्वस्थ एवं सशक्त होता है। मुनिश्री कुणाल कुमार ने सुमधुर गीतिका का संगान किया। प्रमुख वक्ता तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धारीवाल ने अपने प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। तेयुप सदस्यों ने विजय गीत का संगान किया। स्वागत वक्तव्य तेयुप पूर्वांचल अध्यक्ष राजीव बोथरा ने दिया। पूर्वांचल तेरापंथी सभा अध्यक्ष संजय सिंघी ने शिविर हेतु शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सिद्धितप साधिका मनीषा गोलछा का सम्मान पूर्वांचल सभा द्वारा किया गया। प्रथम सत्र का कुशल संचालन मुनिश्री परमानन्द ने किया। प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का संचालन विनीत बांठिया व प्रयोग बोथरा तथा आभार मंत्री सिद्धार्थ दुधेड़िया ने किया। संयोजक बतौर धनपत बरड़िया, लोकेश दुगड़ व कौशल चोरड़िया ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी की ओर से गो- संरक्षण हेतु तीन दिवसीय विलक्षण गो संस्कार कथा 18 जुलाई से

❑ **जीवन की सारी उलझनों का निदान है इस कथा में : पं. विजय शंकर मेहता**

**कोलकाता :** गो सेवा को समर्पित देश की प्राचीनतम एवं अग्रणी संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसायटी की ओर से गो- संरक्षण, गो- संवर्धन, गो- पूजन एवं गो सेवा के क्षेत्र में जन -जागृति हेतु तीन दिवसीय विलक्षण गो संस्कार कथा का आयोजन तोपसिया स्थित ओजस बैंकेट हॉल में आगामी 18 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक किया गया है। विस्तृत जानकारी देते हुए सोसाइटी के सम्माननीय ट्रस्टी श्री सजन कुमार बंसल, अध्यक्ष श्री रमेश सरावगी और महामंत्री श्री पवन कुमार टिबड़ेवाला तथा कथा आयोजन समिति अध्यक्ष श्री सुरेशचंद्र बंसल ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक, ओजस्वी एवं मोटिवेशनल गुरु पंडित विजयशंकर जी मेहता (हमारे हनुमान परिवार) के मुखारविंद से तीनों दिन यह गौ संस्कार कथा सायं 4 बजे से 7 बजे तक निर्धारित होगी।



कथा संयोजक श्री देवकीनंदन तोदी ने बतलाया कि लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रही इस विलक्षण गौ संस्कार कथा का मुख्य उद्देश्य 140 वर्षो से गो-संरक्षण एवं गो-संवर्धन को समर्पित कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी में संरक्षित समस्त 7000 गोवंशों का वार्षिक संरक्षण समाज के समस्त गौभक्तों द्वारा मिल कर किया जा सके । इसके लिए सोसायटी ने वार्षिक गो-संरक्षण योजना के अंतर्गत प्रति गो- वंश वार्षिक अनुदान राशि 20 हजार रुपये निर्धारित कर रखी हैं और काफी संख्या में लोग इससे जुड़ भी रहे हैं। लेकिन जिस तुलना में गो-वंशों की संख्या बढ़ रही हैं उस लिहाज से समग्र समाज के इस योजना से जुड़ कर प्रतिवर्ष अधिकाधिक गो-वंशों के संरक्षण के संकल्प का विशेष अनुरोध सोसायटी की ओर से किया गया हैं। कथा व्यास मोटिवेशनल गुरु श्री विजयशंकर जी मेहता के कथनानुसार यह जो विलक्षण गो संस्कार कथा होने का रही है , यह सिर्फ कथा नहीं बल्कि जीवन प्रबंधन की एक जागृत कार्यशाला है। इसके तीनों दिन को हमें अपने जीवन से जोड़कर देखने की जरूरत है। उनके अनुसार हमारी तीन लाइफ होती हैं- प्रोफेशनल लाइफ, सोशल-फैमिली लाइफ और पर्सनल लाइफ। जब इन तीनों लाइफ में उलझने चलती रहती है तो सुलझाएगा कौन? या तो कोई गुरु हो और या फिर गोमाता। इस गोमहिमा कथा में ऐसे बहुत सारे प्रसंग आते है, जिनको सुनकर आपको विश्वास आयेगा एवं उसके बाद गौमय उत्पाद, गो-सानिध्य आदि ये जितने विषय है, आपको गोमाता से जुड़ने के लाभ इन तीनों लाइफ में मिलने लगेंगे। जैसे हमारी तीन लाइफ होती है वैसे ही हमारी तीन अवस्था होती हैं, बचपन, युवा और वृद्धा अवस्था। इन तीनों समय में यदि हम ठीक तरीके से गोमाता से जुड़ जायें तो हमारी तीनों अवस्थाओं को जो मिलेगा, फिर बस बैकुण्ठ ढूंढने की कहीं जरूरत ही नहीं है। सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सुरेंद्र चमडिया ने बतलाया कि ये सारी बातें तथा सभी प्रश्नों के प्रासंगिक समाधान विस्तार के साथ इस त्रिदिवसीय विलक्षण गोकथा में आयेंगे। अब अगर आप चाहते हैं कि आपके व्यवसायिक जीवन में आप, आपके बच्चे सफल हो जायें, वो व्यापार करे या नौकरी, आप चाहेंगे कि आपके परिवार में हर रिश्ता प्रेमपूर्ण हो , शांति हो, आप चाहेंगे कि निजी रूप से आप अपनी आत्मा तक जायें शांति को प्राप्त करे परमात्मा की अनुभूति करें, तो इन सबके सरल उपाय ये तीन दिन की कार्यशाला रूपी विलक्षण गो संस्कार कथा में आपको मिलेंगे। पं. मेहता जी ने सार में यही संदेश दिया है कि मुझे ऐसा लगता है कि आपका भाग्योदय हो रहा है, गोमाता स्वयं आप सभी गौभक्तों को पुकार रही है, आमंत्रित कर रही है कि आप आइये और इस कथा को आत्मसात कर अपना जीवन धन्य कीजिये।

## युवा शक्ति संगम ने वंचित महिलाओं के बीच किया निःशुल्क छाता वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था युवा शक्ति संगम ने एक बार फिर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वर्षा ऋतु की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं के लिए निःशुल्क छाता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह मानवीय पहल कुमारटुली सेवा समिति के प्रांगण में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और लाभ उठाया। इस सेवा अभियान का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष बिमल सिपानी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, हमारी संस्था का प्रयास हमेशा यह रहा है कि हम उन तक पहुंचें जो अक्सर सामाजिक मुख्यधारा से कटे होते हैं। छाता केवल एक साधन है, लेकिन इसके पीछे हमारा उद्देश्य है - उनकी गरिमा




की रक्षा करना, उन्हें यह अहसास कराना कि वे अकेले नहीं हैं।

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों महिलाओं को छाते प्रदान किए गए। बारिश के मौसम के बीच भी महिलाओं का उत्साह और सहभागिता देखने योग्य थी। उनके चेहरों पर मुस्कान और आंखों में झलकती कृतज्ञता इस बात की साक्षी थी कि यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन में वास्तविक राहत लेकर आया है। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. नेहा डागा, विवेक डागा, गौतम घोषाल, विजय तिवारी, राजेंद्र सिंघी, विकास मेहरा और महेंद्र चौधरी जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही, जिनकी अथक मेहनत और प्रतिबद्धता ने इस सेवा कार्यक्रम को सुचारू, प्रभावशाली और व्यवस्थित रूप प्रदान किया।

# सरकारी सीमेंट से बना निजी मकान! आलमपुर में अवैध निर्माण का मामला उजागर

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के आलमपुर इलाके में सरकारी परियोजनाओं के लिए निर्धारित सीमेंट का दुरुपयोग कर निजी मकान बनाए जाने का मामला सामने आया है। बुबाई कोले नामक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने बिक्री के लिए नहीं लिखे सरकारी सीमेंट का उपयोग अपने घर के प्लास्टर कार्य में किया। यह खुलासा तब हुआ जब सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप बसु ने इसकी जानकारी जुटाकर डोमजूर थाने में शिकायत दर्ज कराई। बुबाई कोले ने स्वीकार किया कि उसने यह सीमेंट ऋतम मन्ना से 305 रुपये




प्रति बोरी की दर से खरीदा, जबकि सीमेंट की बोरियों पर साफ लिखा था कि वह बिक्री योग्य नहीं है। कोले का कहना है कि सस्ती दर के कारण उसने यह सीमेंट लिया, हालांकि, उसे यह भी मालूम था कि यह सरकारी परियोजनाओं के लिए है। कोले के मित्र विकास मन्ना ने भी यह माना कि यह निर्माण अवैध है। प्रताप बसु ने खुद ग्राहक बनकर ऋतम मन्ना से बात की, जिसमें मन्ना ने स्वीकार किया कि सीमेंट सरकारी है और यह काम पुलिस की जानकारी में हो रहा है। इससे पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। बसु ने मांग की है कि इस अवैध निर्माण को तोड़ा जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।

## बांग्लाभाषियों को 'बांग्लादेशी' कहने पर टीएमसी का विरोध

❑ **चुंचुड़ा में विधायक मजूमदार के नेतृत्व में रैली**

**हुगली :** बंगालियों और बांग्लाभाषी समुदाय को 'बांग्लादेशी' कहकर जेल भेजने की कथित कोशिशों के खिलाफ शनिवार को चुंचुड़ा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से एक जोरदार विरोध रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व स्थानीय विधायक अशिमा पात्रा मजूमदार ने किया।



प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर बांग्लाभाषियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाज़ी की। रैली में बोलते हुए विधायक मजूमदार ने भाजपा को कड़ी चेतावनी दी और कहा, बंगालियों को 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित करना अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो तृणमूल कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगी।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों के साथ हो रहा भेदभाव संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है, और टीएमसी इसे कतई सहन नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से स्पष्ट जवाब देने की मांग की।

इस विरोध रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा विरोधी नारे लगाए और पोस्टर-बैनरों के ज़रिए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराज़गी जताई। इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती की गई थी।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह प्रदर्शन आगामी दिनों में इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलकों में बहस और टकराव को और बढ़ा सकता है।

## टीटागढ़ रेल ने विस्तार के लिए बंगाल में 40 एकड़ जमीन का किया अधिग्रहण

**कोलकाता, समाज्ञा**

टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल सरकार से 126 करोड़ रुपये में लगभग 40 एकड़ जमीन पट्टे पर ली है। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से कंपनी को हुगली जिले में स्थित अपने उत्तरपाड़ा संयंत्र में वंदे भारत कोच और मेट्रो कोच का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोटरुंग और भद्रकाली मौजा में स्थित यह जमीन टीटागढ़ के उत्तरपाड़ा स्थित मौजूदा 34 एकड़ के संयंत्र से सटी हुई है। इससे यह कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त जगह बन गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के साथ 12 जुलाई को हस्ताक्षरित 99 साल के पट्टे समझौते के तहत यह जमीन 126.63 करोड़ रुपये में ली गई है।

## कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी हावड़ा ग्रामीण का एसपी कार्यालय घेराव, पुलिस से धक्का-मुक्की

**हावड़ा :** राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में भारतीय जनता पार्टी हावड़ा ग्रामीण इकाई की ओर से रविवार को एसपी कार्यालय का घेराव किया गया। जैसे ही बीजेपी समर्थक जुलूस के साथ एसपी कार्यालय के समीप पहुंचे, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हुई और धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रण में रखने के प्रयास किए गए।

## डोमजुड़ में पेड़ से लटका मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिले के डोमजुड़ के शलप इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 के किनारे रविवार की सुबह एक पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जहां शव मिला वहां से स्थानीय पुलिस कैंप से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। पता चला है कि रविवार के तड़के स्थानीय लोगों ने शव को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही डोमजुड़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि



मृत व्यक्ति इस इलाके का निवासी नहीं था। पुलिस को आशंका है कि मृतक किसी ट्रक का ड्राइवर या खलासी हो सकता है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# बालागढ़ में सिविक वॉलंटियर की पत्नी का झूलता शव बरामद

❑ **पांच महीने पहले ही हुई थी शादी, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बालागढ़ में शादी के पांच महीने के अंदर एक गृहिणी का लटकता हुआ शव उसके ससुराल से बरामद हुआ। मृतका की पहचान रिया दास (29) के रूप में की गई है। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि रिया के पति और सास ने उसकी हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया। मगरा के बिशपाड़ा निवासी रिया दास की शादी बालागढ़ के रुकेसपुर निवासी पेशे से वसिविक वॉलंटियर सुभाष संतरा से हुई थी। मृतका के ससुराल वालों का दावा है कि रिया के घर का दरवाजा रविवार की सुबह से बंद था। उसके पति और सास ने खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर, उन्होंने रिया के मायके वालों को फोन किया।

उसके बाद, मायके वालों ने आकर दरवाजा तोड़ा तो देखा कि रिया ने घर में छत के पंखे से लटककर खुद को फांसी लगा ली है। उसे ज़िराट अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बालागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता दीपक दास ने बालागढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने लिखा है कि शादी के दौरान स्कूटी और लैपटॉप समेत कई सामान दिए गए थे। इसके बाद भी शादी के बाद उनकी बेटी पर दहेज के लिए दबाव बनाया जाता रहा। बेटी की यह बात सुनकर उन्होंने सुभाष और उसकी मां को समझाया, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। दीपक दास ने आरोप लगाया कि सुभाष और उसकी मां ने उनकी बेटी की हत्या की है।

हालांकि, रिया की सास शोभा संतरा ने ससुराल वालों पर लगे आरोपों से इनकार किया है। हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी क्राइम अभिजीत सिन्हा महापात्रा ने कहा कि अप्राकृतिक मौत हुई है। शव बरामद कर लिया गया है। सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# साइंथिया में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

❑ **दो महिला समेत तीन लोगों को लिया गया हिरासत में**

**बीरभूम :** जिले के साइंथिया में शनिवार की देर रात तृणमूल कांग्रेस के अंचल अध्यक्ष पियूष घोष (42) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृत पियूष घोष बीरभूम जिले के साइंथिया के श्रीनिधीपुर अंचल के कोमरपुर गांव के निवासी थे। वे साइंथिया पंचायत समिति के कृषि कर्माध्यक्ष और श्रीनिधीपुर अंचल के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार के अनुसार, शनिवार की रात लगभग 10:30 बजे पियूष अपने घर लौटे थे। इसके करीब आधे घंटे बाद किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन कर गांव के मोड़ पर बुलाया। जब वे वहां पहुंचे, तो बहुत ही करीब से उनके सिर में गोली मारी गई। घटना के बाद तृणमूल के स्थानीय कार्यकर्ता और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और पियूष घोष को बोलपुर महकमा अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने इस हत्या के पीछे राजनीतिक कारणों की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पियूष घोष को अंचल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्हें पद से हटाने की साजिश के तहत यह हत्या की गई। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष व्यक्ति के खिलाफ कोई नामजद शिकायत नहीं दी है। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अब तक दो महिलाओं और एक युवक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई थी।

# श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के श्रावण मेला शिविर का हुआ शुभारम्भ

## समर्पित सेवा भाव के लिए वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र प्रसाद गोयल हुए सम्मानित



**हुगली, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के सिंगुर जामीर बेड़िया स्थित विश्राम गृह में शनिवार को श्रावण मेला शिविर का भव्य शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर समिति के भवन परिसर में विभिन्न सेवा कक्षों का नवीनीकरण के पश्चात् जनसेवार्थ लोकार्पण भी किया गया। उदघाटन कर्ता दयानंद अग्रवाल के साथ राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने भगवान श्री गणेशजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्जवलन कर श्रावण मेला सेवा कार्य का शुभारम्भ किया। विधायक डॉ. करबी मन्ना, तृणमूल नेता कृष्णप्रताप सिंह सहित सेवा कक्ष के नवीनीकरण में सहयोगी राजेश बिहानी (पीकू बाबू), शिवकुमार डिडवानिया, नथमल बिहानी आदि इस अवसर पर मंचासीन रहें। समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र प्रसाद गोयल को उनकी समर्पित सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया। श्री गोयल की धर्मपत्नी प्रेमलता गोयल, पौत्री निधि, कृष्णा, तान्वी, दिव्या और काव्या ने समिति द्वारा दिए गये इस सम्मान के के प्रति आभार जताया। मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि समिति जैसी सेवा भावी संस्थाओं की वजह से ही दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले कांवड़ियों को घर जैसी सुविधाएं मिल पा रही हैं। राज्य सरकार भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार कांवड़ियों की सेवा में पूरी तन्मयता के साथ जुटी है। टैंपरारी तौर पर माइकिंग की व्यवस्था के साथ पीने के पानी की सुविधा, टॉयलेट की व्यवस्था भी की गई है। घाटों पर सुरक्षा के लिए जगह जगह सीसीटीवी कैमरे के साथ एनडीआरएफ की टीम, लंच एम्बुलेंस सेवा और मेला परिसर क्षेत्र में 16 मोटरबाइक एम्बुलेंस सेवा की तैनातगी रहेगी। प्रशासन द्वारा तैयार की गई वेबसाइट के जरिये कांवड़ियों को घाट से लेकर पूरे मार्ग तक की जानकारी भी अपटूडेट मिलती रहेगी। अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी ने सभी जनों से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया तो साथ ही बताया कि समिति की ओर से आयोजित इस 58 वें श्रावण मेला सेवा शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन, आवास, जलपान से लेकर सारी व्यवस्थाएं की गई हैं। सचिव गोविंद रांधड़ के अनुसार पूरे श्रावण मेले के दौरान यह सेवाएं तारकेश्वर धाम आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों को मिलती रहेगी। कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, उपसभापति मुरारीलाल डीडवानिया, दिनेश कलानी के साथ उप सचिव विजय कुमार दारूका व राजीव सिंघी व अन्यों ने अतिथियों का सम्मान और स्वागत किया। मेला संयोजक सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, मेला सह संयोजक सोमनाथ कुमार, सचिन बेरीवाल व समन्वयक संजय जैन ने सभी से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। लक्ष्मण प्रसाद बुबना, ओमप्रकाश अग्रवाल, विमल कुमार टिबड़ेवाल, मुकेश जिंदल, प्रदीप जालान, दाऊलाल मूंधड़ा, शिव कुमार कंदोई, राजू खेड़िया, गोपाल प्रसाद झुनझुनवाला, रामकिशन गोयल, रमेश कुमार बिहानी, संदीप खेतावत, मनोज बंसल, पंकज गोयल, शिवकुमार कनोई, दीपक गुप्ता, राजेश बिहानी, रमेश अग्रवाल, अनिल मित्तल, पीयूष खेड़िया, अजय परसरामपुरिया, विष्णु अग्रवाल, विनय मरठिया, तरुण गोयल, संजय तोदी, सोहन लाल सिंघी, ललित गोयल, मनोज गोयल, प्रदीप अग्रवाल, दिनेश डालमिया, सुशील जिंदल, हिमांशु गौरीसरिया, शिव कुमार अग्रवाल व अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें।

## पुराने झगड़े में दोस्त ने ली दोस्त की जान, तीन आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर बॉटनिकल गार्डन थाना क्षेत्र के नस्कर पाड़ा इलाके में रविवार रात को एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की जान ले ली। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों शुभजीत मैती, दीपक कुमार चौधरी और आनंद जायसवाल को गिरफ्तार किया है। घटना उस समय हुई जब चार दोस्त आपस में खाना-पीना करने के बाद किसी पुराने विवाद को लेकर झगड़ पड़े। इसी दौरान शुभजीत मैती ने शेख साहेब(23) को जोरदार घूंसा मार दिया। घूंसे से शेख जमीन पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट लगने से अधिक खून बह गया। उसे तुरंत अंदुल रोड के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते



ही इलाके में तनाव फैल गया। बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और थाने के बाहर जमा हो गए, जिससे हालात को काबू में करने के लिए पुलिस बल और रैफ को तैनात करना पड़ा। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि यह हत्या पुरानी रंजिश का नतीजा थी। तीनों आरोपियों को सोमवार को हावड़ा अदालत में पेश किया जाएगा और उनसे पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी।

## भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर विभिन्न योजनाओं पर कार्य किए गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत विकास परिषद दक्षिण कोलकता शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव के कुशल नेतृत्व में शाखा के सदस्यों द्वारा संस्कार प्रकल्प, सेवा योजना, संपर्क योजना एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विभिन्न योजनाओं पर कार्य किए गए। परिषद के सदस्यों ने टांटिया हाईस्कूल, बालिका शिक्षा सदन, आईडियल सेकेंडरी स्कूल, आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जैन विद्यालय, आराध्य एकेडमी, आदर्श हिन्दी हाई स्कूल एवं अलीपुर टकसाल विद्यापीठ आदि स्कूलों के प्रधान शिक्षक, शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें भारत को जानों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता मे उनसभी के भागीदारी को सुनिश्चित किए गए। मोगरा विद्यालय में गुरु-वन्दना एवं छात्र अभिनन्दन के माध्यम से गुरुवर श्रेष्ठ एवं तीन अव्वल छात्र-



ाओ को उत्तरी एवं मोमेंटम प्रदान कर सम्मानित किया गया। एक सामूहिक कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को अभिभावकों, शिक्षकों, समाज एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन और नशा न करने की शपथ दिलाई गई। दक्षिण कोलकता शाखा के वरिष्ठ एवं पूर्व अध्यक्ष अमर नाथ चौधरी, वर्तमान अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव विपिन राय, डॉ. ए.पी. राय और त्रिभुवन प्रसाद सिंह ने भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर परिषद के उद्देश्य व सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला गया। अन्त में शाखा सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम को विश्राम दिया।

## सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीरें डालने वाला युवक गिरफ्तार

❑ **घर से बरामद हुई देशी बंदूक और कारतूस**

**मुर्शिदाबाद :** जिले के डोमकल थाना अंतर्गत मुरारिपुर तालतलापाड़ा इलाके में एक युवक को हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान राजिबुल शेख (32) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजिबुल एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य है जिसमें उसने आग्नेयास्त्र के साथ खींची गई कई तस्वीरें साझा की थीं। इनमें से कुछ तस्वीरें उसने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर भी डाली थीं। ये तस्वीरें देखते ही देखते वायरल हो गईं और डोमकल थाने की पुलिस के संज्ञान में आ गईं।

उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद जिले में हाल ही में हुई अशांति के



बाद पुलिस सोशल मीडिया गतिविधियों पर विशेष निगरानी रख रही है। इसी निगरानी के दौरान राजिबुल की हथियारों के साथ तस्वीरें पुलिस की नजर में आईं। तुरंत जांच शुरू की गई और शनिवार रात पुलिस राजिबुल के मुरारिपुर स्थित घर पर पहुंची। पूछताछ के बाद जब उसके घर की तलाशी ली गई, तो वहां से एक अत्याधुनिक देशी बंदूक और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रखने और उसका दुरुपयोग करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। रविवार को आरोपित को सात दिनों के पुलिस रिमांड के आवेदन के साथ अदालत में पेश किया गया।

## राजस्थान ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष दुर्गा व्यास व सचिव महेश शर्मा हुए निर्वाचित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान ब्राह्मण संघ की साधारण सभा में अध्यक्ष दुर्गा व्यास एवं पार्षद महेश शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए है। उपरोक्त घोषणा निर्वाचन अधिकारी राधेश्याम पंचारिया एवं राजकुमार व्यास ने की। साधारण सभा का शुभारंभ महेश शर्मा ने गत सभा की कार्यवाही के वाचन से किया व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ऑडिटेड हिसाब कोषाध्यक्ष पवन ओझा ने पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संस्था के संरक्षक बनवारी लाल सोती ने विगत दो बर्षो के कार्यकाल हेतु समाज के प्रति विशेष तौर पर संस्था की अध्यक्ष दुर्गा व्यास के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारा संगठन एक मात्र ऐसा संगठन है जिसमें सभी व्यक्ति पदाधिकारी एवं सभी पदाधिकारी पहले कार्यकर्ता है और अपनी राजनीतिक विचारधारा से सदैव ऊपर उठ कर यहां कार्य करते है। संस्था की पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा व्यास ने संस्था के कार्यकर्ता ही संस्था की पूंजी है एवं जिस प्रकार महेश शर्मा ने कर्मठता से काम किया सचमुच काबिलेतारीफ है। पुनर्निर्वाचित सचिव महेश शर्मा ने उपस्थित सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे राजस्थान ब्राह्मण संघ की परंपरा को जिस प्रकार इस कमेटी ने निर्वहन है आगे भी पूर्ण विश्वास है कि और जोश के साथ सभी प्रकल्पों को यथावत चलाते हुए समाज की अन्य अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। मंच पर उपस्थित लूणकरण शर्मा एवं संस्था के ट्रस्टी के.जी. शर्मा ने संस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर संतोष जताया। सभा का कुशल संचालन नवनियुक्त सह सचिव पवन शर्मा ने किया।

## हावड़ा में करंट लगने से महिला की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा थानांतर्गत रालेश्वर मालिया लेन में रविवार सुबह करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रेखा माझी के रूप में हुई है, जो हावड़ा में एक वृद्ध व्यक्ति के घर पर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महिला मोटर रूम की मशीन चालू करने की कोशिश कर रही थीं, तभी उन्हें करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हावड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल हावड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों के अनुसार, रेखा माझी मूल रूप से हुगली जिले के सिंगूर की रहने वाली थीं और पिछले दस से बारह वर्षों से हावड़ा में रह रही थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 'स्मार्ट माइंड्स ऑफ हुगली 2025' क्विज में हुगली कॉलेजिएट स्कूल ने मारी बाजी



**हुगली :** हुगली ग्रामीण पुलिस द्वारा चुचुड़ा रवींद्र भवन में आयोजित स्कूल स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता 'स्मार्ट माइंड्स ऑफ हुगली 2025' के ग्रैंड फिनाले में हुगली कॉलेजिएट स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 210 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। कोन्नगर नवग्राम विद्यापीठ 205 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि कामारपुकुर रामकृष्ण मिशन विद्यालय ने 200 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 156 स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया था, जिससे कार्यक्रम की व्यापकता और प्रतिस्पर्धा का स्तर स्पष्ट होता है। विजेता प्रतिभागियों को हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कमनाशीस सेन और चंदननगर पुलिस आयुक्त अमित पी. जावालगी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोकप्रिय क्विज़ मास्टर राजीव सान्याल ने किया, जिनकी सटीक प्रस्तुति और रोचक शैली को खूब सराहा गया। ग्रामीण पुलिस प्रशासन ने हर वर्ष इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का आश्वासन दिया है, ताकि छात्रों में सामान्य ज्ञान और बौद्धिक जागरूकता को लगातार प्रोत्साहित किया जा सके।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में बंगेश्वर महादेव नया मंदिर से पैदल पहुँचे सैकडों भक्तो ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**हावड़ा :** जन जन की आस्था के केन्द्र श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम श्रावण के पहले दिन से ही शिवमय नजर आने लगा है। श्रावण माह के उपलक्ष में घुसुड़ीधाम में 11 जुलाई से शुरू हुए माह व्यापी श्रावणोत्सव के अन्तर्गत आज पहले रविवार को बांधाघाट के प्रसिद्ध सेठ बंशीधर जालान स्मृति बंगेश्वर महादेव नया मंदिर से निकली जल-यात्रा में सैकड़ों भक्त कलशियों में गंगाजल भरकर पूरे मार्ग को भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान करते हुए श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचे और ऊँ नमः शिवाय के उद्घोष के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस पैदल यात्रा में काफी संख्या में स्त्रियां व बच्चे भी शामिल थे। जलाभिषेक के बाद कांवड़ यात्रियों के लिए भण्डारा प्रसाद का भी प्रबंध किया गया। मंदिर के प्रबंध



न्यासी श्री बिनोद कुमार टिबड़ेवाल ने बताया कि पूरे श्रावण माह में शिव भक्तों के लिए शिव आराधना के सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं जिसमें विशेष रूप से बाबा श्याम की आरती के पश्चात बाबा भोलेनाथ की नित्य सामूहिक आरती व हर सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए सुचारू रूप से पूजन-अर्चन की व्यवस्था रहेगी। प्रचार प्रभारी श्री सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि मंदिर में हर साल माह व्यापी श्रावण माह महोत्सव के अन्तर्गत् श्रावण माह के प्रत्येक रविवार को सामूहिक जल यात्रा का आयोजन होता है और इस बार भी इसी क्रम में आज की जलयात्रा के अलावा, आगामी 20 जुलाई को निमतल्ला के प्रसिद्ध भूतनाथ महादेव से, 27 जुलाई को दक्षिणेश्वर से और 3 अगस्त को पुनः बांधाघाट के प्रसिद्ध सेठ बंशीधर जालान स्मृति बंगेश्वर महादेव नया मंदिर से घुसुड़ीधाम तक जलयात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। उल्लेखनीय है कि पूरे श्रावण माह में घुसुड़ीधाम में नित्य श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है।

## हावड़ा के ऐशिक मंडल ने फिडे वर्ल्ड कैडेट शतरंज कप में रजत पदक जीता

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के 10 वर्षीय ऐशिक मंडल ने जॉर्जिया के बटुमी में आयोजित फिडे वर्ल्ड कैडेट शतरंज कप में रौप्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 35 देशों के युवा खिलाड़ी शामिल थे। अंडर-10 वर्ग में हिस्सा लेने वाले ऐशिक ने फाइनल मुकाबला अपने देश के ही प्रतियोगी सर्वोर्थ मनी के साथ दो दिन तक जारी रखा। टाईब्रेक में ऐशिक ने दूसरा स्थान हासिल किया, जिस पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। ऐशिक के पिता सुकांत मंडल ने बताया कि अमेरिका में नौकरी के दौरान ही ऐशिक ने मात्र साढ़े छह साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया था ऐशिक की मां कहती हैं कि बचपन में वह बहुत शरारती था, इसलिए शतरंज में ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विदेशों में खेलने के लिए जब बुलावा मिला तो ऐशिक को उत्साह के साथ थोड़ी घबराहट भी हुई, लेकिन उनके शिक्षक ने हिम्मत बढ़ाई। उन्होंने रूस, जॉर्जिया, अमेरिका, नाइजीरिया और अफ्रीका के खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला किया। ऐशिक कहते हैं कि उनके स्कूल के दोस्त क्रिकेट और फुटबॉल खेलते हैं, लेकिन वे शतरंज में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सभी से शुभकामनाएं पा रहे हैं। भविष्य में वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का सपना देखता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सोनभद्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को सम्मोहित करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को सम्मोहित करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से सार्वजनिक हुआ, जिसमें हरहोरी का निवासी सत्येंद्र कुमार (33) अपने क्षेत्र की एक महिला से पूजा पाठ, शुद्धिकरण और तंत्र-मंत्र के लिए लड़की की व्यवस्था करने के लिये कह रहा है। एएसपी ने बताया कि वीडियो में आरोपी को लड़की को सोनभद्र के दुद्धी के निवासी अवधेश तिवारी (45) के यहां पहुंचाने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद संबंधित महिला की शिकायत पर म्योरपुर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों सत्येंद्र और अवधेश के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

### उत्तर प्रदेश की 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने की कवायद

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की 75 छोटी और सहायक नदियों को नया जीवन देने के लिये प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों और 10 अहम विभागों की सहभागिता से एक समन्वित रणनीति बनाई गई है। नदी पुनर्जीवन कार्य को प्रभावी और सतत बनाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है। साथ ही जिलों की छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, सरकार प्रदेश की नदियों के पुनरुद्धार के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है। इस कार्य में आईआईटी रुड़की, आईआईटी कानपुर, आईआईटी काशी हिंदू विश्वविद्यालय और बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं। ये संस्थान हर नदी की भौगोलिक, पारिस्थितिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर उपयुक्त पुनर्जीवन योजना बना रहे हैं।

### पटना: होटल के कमरे में पिता ने छह वर्षीय बेटे की हत्या की

**पटना :** पटना रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल के कमरे में एक व्यक्ति ने अपने छह वर्षीय बेटे की कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सनी (छह) के रूप में हुई है, जो प्रभाकर महतो का बेटा था। घटना के बाद आरोपी पिता फरार हो गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सदर-1 अभिनव ने संवाददाताओं को बताया, ''रविवार सुबह सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास एक होटल के कमरे में एक व्यक्ति ने अपने छह वर्षीय बेटे को कथित तौर पर पीटा है। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अस्पताल पहुंचाया ,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ के अनुसार, मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात अपने पति के साथ उसका झगड़ा हुआ, जिसके बाद उसने (आरोपी ने) बेटे को बुरी तरह पीटा और जमीन पर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इसके बाद, बच्चे का पिता मौके से फरार हो गया।

### बस और ऑटो-रिक्शा की टक्कर में बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

**बुलंदशहर (उप्र) :** बुलंदशहर के गुलावठी क्षेत्र में रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और एक ऑटो-रिक्शा की टक्कर में एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी भास्कर मिश्रा ने यहां बताया कि गुलावठी क्षेत्र में मेरठ-बुलंदशहर मार्ग पर परिवहन निगम की एक बस और ऑटो-रिक्शा की टक्कर हो गयी और इस घटना में आसिया (59), रजिया (22) और नेमत (चार) की मौत हो गयी। वे सभी गुलावठी थाना क्षेत्र के निवासी थे। उन्होंने बताया कि हादसे में एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिश्रा ने बताया कि टक्कर के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया तथा पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# लखनऊ में नई ब्रह्मोस परीक्षण सुविधा भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी: राजनाथ सिंह

**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की नवनिर्मित एकीकरण और परीक्षण सुविधा रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी। सिंह ने यह बात लखनऊ में एक कार्यक्रम में कही जहां उन्होंने नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त की प्रतिमा का अनावरण किया और एक डाक टिकट जारी किया। सिंह ने कहा, कुछ दिन पहले ही, मैंने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा रक्षा क्षेत्र में हमारे देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी। इससे रोजगार भी पैदा होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की सराहना की जिसके कारण राज्य में निवेश बढ़ रहा है और उद्योग फल-फूल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव हो रहे हैं। एक्सप्रेस वे, हवाई अड्डा, मेट्रो, मेडिकल कॉलेज... ये सभी विकास की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। लखनऊ से लोकसभा सदस्य सिंह ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



चंद्रभानु गुप्त की भी प्रशंसा की। गुप्त चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। सिंह ने कहा, चंद्रभानु गुप्त जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की और अपने त्याग, प्रतिबद्धता और नेतृत्व से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई। चंद्रभानु गुप्त का जीवन हमें बताता है कि सत्ता का मतलब केवल पद या अधिकार नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी, त्याग और जनता के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, उनका जीवन हमें यह संदेश भी देता है कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। सिंह ने यह भी कहा कि गुप्त एक नेता से ज़्यादा जनसेवक थे। उन्होंने कहा, जब हम उत्तर प्रदेश के गौरवशाली अतीत की चर्चा करते हैं तो स्वाभाविक रूप से चंद्रभानु गुप्त जी का नाम सामने आता है। सिंह ने गुप्त के संघर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि देश के आजाद होने के बाद जब संविधान लागू हुआ और आधुनिक लोकतंत्र की नींव पड़ी, तब देश कई बड़ी-बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था और उस समय शासन-प्रशासन की चुनौतियां और जिम्मेदारियां भी बहुत बड़ी थी। सिंह ने कहा कि गुप्त जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तो पहले ही दिन उन्होंने मंत्रियों के वेतन और भत्ते को कम करने का कार्य किया ताकि सरकार के खर्च को कम किया जा सके। रक्षा मंत्री ने कहा, आज देश और प्रदेश में जो प्रशासनिक व्यवस्था काम कर रही है, उसकी नींव रखने में चंद्रभानु गुप्त जी जैसे लोगों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा, चंद्रभानु जी ज़्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहे। लेकिन जितने भी कम समय सत्ता में रहे, उन्होंने जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता दी। वह हमेशा अपनी ईमानदारी के लिए जाने जाते थे। सिंह ने कहा कि गुप्त 'कामराज योजना' से सहमत नहीं थे, लेकिन इसी के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं कि कैसे एक निर्वाचित नेता को कुछ लोगों की नापसंदगी के कारण पद छोड़ना पड़ा होगा।

### उप्र के 11 विरासत भवनों और किलों को पर्यटन स्थलों में बदलने की तैयारी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन देने के लिए 11 पुराने किलों और भवनों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की पहल शुरू की है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, पर्यटन विभाग ने एजेंसियों के माध्यम से इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किया है। यह कार्य सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) के तहत होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस पहल से न सिर्फ विरासत किलों और भवनों का इतिहास बचेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। बयान के मुताबिक, इन 11 विरासत स्थलों में ललितपुर का तालभेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भूरागढ़ किला, गोण्डा की वज़ीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-इरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### तेजस्वी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के दावे पर उठाया सवाल



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को निर्वाचन आयोग के इस दावे पर सवाल उठाया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तेज गति से चल रहा है और 25 जुलाई की समय सीमा से पहले इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उच्चतम न्यायालय के इस सुझाव पर निर्वाचन आयोग की 'चुप्पी' पर भी कड़ी आपत्ति जताई कि आधार कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इन दस्तावेजों को उन मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाना है जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं थे, जब आखिरी बार एसआईआर कराई गई थी। तेजस्वी ने कहा, 'निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जारी अपने प्रेस नोट में दावा किया है कि राज्य के 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 80 प्रतिशत से अधिक मतदाता पहले ही एसआईआर के तहत गणना फार्म जमा करा चुके हैं। यह एक हैरान करने वाला दावा है, क्योंकि अनुमानतः बिहार के चार करोड़ लोग अन्य राज्यों में रहते हैं।'

### जयपुर के रामगंज इलाके में दो समुदाय के बीच पथराव के बाद तनाव, सात लोग हिरासत में लिये गए

**जयपुर :** जयपुर के रामगंज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात दो समुदायों के



बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव के बाद तनाव फैल गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों समुदायों के सात लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उसने बताया कि घटना शनिवार देर रात पहाड़गंज इलाके में हुई जब दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी के बाद पथराव हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। उन्होंने बताया कि घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशि डोगरा ने बताया कि 'शनिवार रात नियंत्रण कक्ष को पहाड़गंज में दो समुदायों के बीच विवाद की सूचना के बाद पथराव की सूचना मिली।' उन्होंने कहा, 'रामगंज थाने के पास तैनात पुलिस बल कुछ मिनट के भीतर घटना स्थल पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।' थानाधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि रविवार सुबह स्थिति शांतिपूर्ण रही। उन्होंने कहा, 'पुलिस दल लगातार गश्त कर रहा है और सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस सिलसिले में सात लोगों को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है।' उन्होंने कहा, 'इलाके में लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया गया है।'

### पटना में ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय एक ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार (50) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई, जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। मसौढ़ी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ-2) कन्हैया सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए, तो अधिकारी अचेत हालत में मिले, जिन्हें गोली लगी हुई थी। सिंह ने कहा कि कुमार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच जारी है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'और अब पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या! क्या कहें किससे कहें? राजग सरकार में कोई सच्चाई सुनने वाला नहीं, गलती स्वीकारने वाला नहीं?

## मानव तस्करी गिरोह का सरगना मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय मानव तस्करी गिरोह के कथित सरगना को रविवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह मुठभेड़ पिपराइच इलाके में तड़के करीब चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहर्रम उर्फ राहुल एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल लेकर हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था तभी उसे रोकने की कोशिश में चलायी गयी गोली उसके पैर में लग गई और इसके बाद उसे हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि महराजगंज के निचलौल के बूढ़ाडीह निवासी मोहर्रम को पहले भी मानव तस्करी के एक मामले में हिरासत में लिया गया था। उन्होंने बताया कि मोहर्रम हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों से युवतियों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुख्य सदस्य है और वह न केवल लड़कियों को राज्य की सीमाओं के पार बेचता था, बल्कि उन्हें देश के खिलाफ भड़काता भी था। अधिकारी ने बताया कि तस्करी गिरोह के कई सदस्यों को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ में पता चला कि मोहर्रम गिरोह का सरगना है।

## मोती की खेती: किसानों को मिल रहा सीपियों को सोने में बदलने का प्रशिक्षण

**रांची :** झारखंड तेजी से भारत के मीठे पानी के मोती उत्पादन केंद्र के रूप में उभर रहा है। राज्य सरकार और केंद्र इस विशिष्ट क्षेत्र को ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए आजीविका के एक प्रमुख अवसर में बदलने के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास कर रहे हैं। इस परिवर्तन को तब गति मिली जब केंद्र ने झारखंड सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 22 करोड़ रुपये के निवेश के साथ हजारीबाग को प्रथम मोती उत्पादन क्लस्टर के रूप में विकसित करने की अधिसूचना जारी की। राज्य योजना के तहत 2019-20 में एक पायलट (प्रायोगिक) परियोजना के रूप में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब कौशल विकास पर केंद्रित एक संरचित पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित हो गया है, जिसमें किसानों को मोती की खेती की जटिल कला सिखाने के लिए राज्य भर में विशेष प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं। कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष से 2024 में रांची में स्थापित, पुर्ती



एग्रोटेक प्रशिक्षण केंद्र, इस प्रशिक्षण क्रांति का केंद्र बनकर उभरा है। यह केंद्र अब तक राज्य भर के 132 से ज़्यादा किसानों को उन्नत मोती उत्पादन तकनीकों का प्रशिक्षण दे चुका है, और ये प्रशिक्षित किसान अब अपने-अपने ज़िलों में दूसरों को भी अपना ज्ञान दे रहे हैं, जिससे कई गुना ज़्यादा फ़ायदा हो रहा है। एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियर बुधन सिंह पूर्ति ने कहा, प्रशिक्षण सफल मोती उत्पादन की रीढ़ है। हम गोल मोती उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि इससे डिजाइनर मोतियों की तुलना में अधिक लाभ मिलता है। पूर्ति प्रशिक्षण केंद्र चलाते हैं और गोल मोती उत्पादन में राज्य में मोती तराशने वाले कुछ विशेषज्ञों में से एक बन गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुशल सर्जिकल ग्राफ्टिंग तकनीकों, विशिष्ट उपकरणों के उपयोग और शल्य चिकित्सा के बाद सावधानीपूर्वक प्रबंधन पर ज़ोर देते हैं। ये ऐसे महत्वपूर्ण कारक हैं जो मोती उत्पादन की उत्तरजीविता दर और गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। तकनीकी विशेषज्ञता पर यह ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि गोल मोतियों की खेती में उच्च उत्तरजीविता दर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सटीकता की आवश्यकता होती है।

## बारिश के दौरान श्मशान में चिता को तिरपाल से ढका, वीडियो वायरल

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं जिले में रविवार को दाह संस्कार स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते एक परिवार को भारी बारिश के दौरान भीगने से बचाने के लिये चिता को मजबूरन तिरपाल से ढकना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिसौली तहसील के इस्लामनगर विकास खंड स्थित जगतुआ गांव में हुई यह घटना सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद सामने आई। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने घटना का संज्ञान लिया है। राम कुमार शर्मा नामक बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों को बारिश से चिता को बुझने से बचाने के लिए आनन-फानन में प्लास्टिक का तिरपाल लगाना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव में दाह संस्कार के लिए कोई उचित बुनियादी ढांचा नहीं है और इसमें न तो शेड है और न ही चबूतरा। केवल एक खुला मैदान है जिसे श्मशान घाट के रूप में नामित किया गया है। मृतक के बेटे अजय शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, 'ऐसे श्मशान घाट का क्या फायदा जहां बुनियादी सुविधाएं ही न हों? न तो कोई शेड है और न ही कोई बोर्ड। आज हमने किसी तरह चिता को प्लास्टिक के तिरपाल से ढककर काम चलाया। यह बहुत बुरा अनुभव था।' उन्होंने कहा कि सरकार को उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि अंतिम संस्कार के दौरान परिवारों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस्लामनगर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मुनव्वर खान ने पुष्टि की कि जगतुआ गांव में कोई समुचित रूप से विकसित श्मशान घाट नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे पूरे ब्लॉक में केवल चार ग्राम सभाओं में ही श्मशान घाट हैं। उनमें से दो नए बने हैं।

### बिहार : अलग-अलग घटनाओं में वकील और शिक्षक की गोली मारकर हत्या



**पटना/ सारण :** बिहार के पटना और सारण जिलों में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में एक वकील और एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पटना के सुल्तानगंज इलाके में एक चाय की दुकान के पास अज्ञात लोगों ने वकील जितेंद्र महतो की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि सारण जिले के बिसाही में दो बाइक सवार हमलावरों ने शिक्षक संतोष राय की हत्या कर दी। पटना के पुलिस अधीक्षक (शहर पूर्व) परिचय कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'महतो को अपराह्न करीब दो बजे गोली मारी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना का सही कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।' घटना के तुरंत बाद पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय के शर्मा और कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया। एक अन्य घटना में, राय और उनके मित्र कंग्रेस राय को सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के बिसाही इलाके में पूर्वाह्न करीब 9.30 बजे दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी।

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति 27 साल बाद अपने परिवार से मिला

**बरेली (उप्र) :** बरेली जिले में मानसिक बीमारी के कारण अपने परिवार से बिछड़े 70 वर्षीय बुजुर्ग 27 साल के बाद आखिरकार अपने परिवार के पास पहुंच गये। परिजनों के मुताबिक, रमेश 27 साल पहले बिजनौर के नहटौर में अपनी बहन के यहां जाने की बात कहकर घर से निकले थे लेकिन वह न तो कभी वहां पहुंचे और न ही कभी वापस आए। उन्होंने बताया कि उन्हें सालों तक खोजा गया और फिर उम्मीद छोड़ दी गयी। सभी को लगा कि वह अब जीवित नहीं हैं। रमेश को मुम्बई पुलिस ने छह फरवरी 2025 को मुंबई के एकता नगर रेलवे कॉलोनी में अस्त-व्यस्त अवस्था में भटकते हुए पाया था। पुलिस ने उन्हें देखभाल के लिये ग्रेस फाउंडेशन के सुपुर्द कर दिया था। बाद में उन्हें दीर्घकालिक देखभाल और उपचार के लिए कर्जत स्थित श्रद्धा पुनर्वास फाउंडेशन भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मनोचिकित्सक डॉक्टर भरत वटवानी की देखरेख में रमेश पर मनोचिकित्सा उपचार का असर होने लगा और कुछ याददाश्त वापस आने पर उन्होंने अपना नाम बताया और कहा कि वह उत्तर प्रदेश के बरेली के निवासी हैं जिसके बाद रमेश को आगे के इलाज और परिवार का पता लगाने में सहायता के लिए बरेली के रजऊ परसुपुर स्थित मानसिक पुनर्वास केंद्र मनोसमर्पण सेवा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। संस्थान के संस्थापक और मनोवैज्ञानिक शैलेश शर्मा ने बताया कि टीम ने निरंतर परामर्श के माध्यम से रमेश की याददाश्त वापस लाने की लगातार कोशिश की।

## कार ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, एक कांवड़िये की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के छपार क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक कांवड़िये की मौत हो गयी तथा दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि छपार थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर बधेरी चौक के पास एक मोटरसाइकिल से जा रहे तीन कांवड़ियों के वाहन को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। उनके मुताबिक, इस हादसे में अमित (35) नामक कांवड़िये की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठे अमन और अभिषेक घायल हो गये। वे गंगाजल लेने के लिये शाहजहांपुर जिले से हरिद्वार जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में अमन और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर भाग गया। उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

# बिहार सरकार पांच साल में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी: नीतीश

पटना : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अगले पांच वर्षों (2025-2030) में युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के वास्ते कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राज्य सरकार जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी। इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कुमार की यह घोषणा महत्वपूर्ण है। कुमार ने रविवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अगले पांच साल में (2025 से 2030) वर्ष 2020-25 के लक्ष्य को दोगुना करते हुए एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने



का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निजी विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में भी नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और लगभग 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है तथा 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी/रोजगार देने के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर लिया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सात निश्चय' कार्यक्रम के तहत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुमार ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में युवाओं के कौशल विकास के लिए 'सात निश्चय' के तहत जारी कार्यक्रम को विस्तारित किया जाएगा। आने वाले समय में कौशल विकास के लिए एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जिसका नाम बिहार के गौरव भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय रखा जाएगा ताकि राज्य के युवाओं को कौशल विकास की नयी दिशा मिल सके।' उन्होंने कहा कि 2005 से 2020 के बीच बिहार के आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई।

## राजस्थान के कोटा में मिनी बस के ट्रक से टकरा जाने से चार व्यक्तियों की मौत, 10 घायल



**कोटा (राजस्थान) :** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक मिनी बस के एक ट्रक से टकरा जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गीता सोनी (70), उनके दो बेटों अनिल सोनी (48) व बृजेश सोनी (55) और उनके दामाद सुरेश सोनी (45) के रूप में हुई है। घटना रविवार तड़के करीब 3:30 बजे हुई। एक जौहरी परिवार के करीब 14-15 सदस्य शनिवार को सगाई समारोह के बाद मिनी बस में करौली लौट रहे थे। थाना प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताया कि मिनी बस चालक को कथित तौर झपकी आ गई, जिससे वाहन आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। सिंह ने बताया कि गीता सोनी और उनके दो बेटों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश ने अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद दम तोड़ दिया। परिवार के एक रिश्तेदार कपिल सोनी को तड़के 3:45 बजे एक घायल का फोन आया जिसके बाद, वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कपिल ने पुलिस को बताया कि परिवार अनिल सोनी के बेटे इंदूर की सगाई समारोह में शामिल होने गया था। सिंह ने बताया कि हादसे में दस लोग घायल हुए। उन्होंने बताया कि घायलों में से चार महिलाओं समेत सात का एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। उन्होंने बताया कि मिनीबस के फरार चालक के खिलाफ एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# रेलवे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाएगा

## बेहतर सुरक्षा के लिए सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजन में सीसीटीवी कैमरे

**■ रेलवे प्रत्येक डिब्बेच में 4 सीसीटीवी कैमरे और लोकोमोटिव में 6 कैमरे लगाएगा**

**नयी दिल्ली :** यात्री डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के सकारात्मक परिणाम के आधार पर, रेलवे ने सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम से यात्री सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। बदमाश और संगठित गिरोह भोले-भाले यात्रियों का फायदा उठाते हैं। कैमरे लगने से ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यात्रियों की निजता बनाए रखने के लिए, दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इंजनों और डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रगति की समीक्षा की। शनिवार 12 जुलाई, 2025 को आयोजित बैठक में रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**360-डिग्री व्यापक कवरेज**

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि उत्तर रेलवे के लोको इंजन और डिब्बों में सफल परीक्षण किए जा चुके हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। प्रत्येक रेलवे डिब्बे में 4 डोम सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे - प्रत्येक प्रवेश मार्ग पर 2 और प्रत्येक लोकोमोटिव में 6 सीसीटीवी कैमरे होंगे। इनमें लोकोमोटिव के आगे, पीछे और दोनों तरफ 1-1 कैमरा शामिल होंगे। प्रत्येक कैब (आगे और पीछे) में 1 डोम सीसीटीवी कैमरा और डेस्क पर 2 माइक्रोफोन लगाए जाएंगे।

**100 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति और कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी फुटेज सुनिश्चित किए जाएंगे**

**आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक निगरानी**

अधिकारियों ने साझा किया कि सीसीटीवी कैमरे नवीनतम मानकों वाले होंगे और एसटीक्यूसी प्रमाणित होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री ने सर्वश्रेष्ठ उपकरणों को इस्तेमाल करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 100 किमी प्रति घंटे से अधिक गति और कम रोशनी की स्थिति में चलने वाली ट्रेनों के उच्च गुणवत्ता वाले फुटेज उपलब्ध हों। केंद्रीय रेल मंत्री ने अधिकारियों को इंडियाएआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरों द्वारा लिए गए डेटा पर एआई के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**डेटा गोपनीयता मूल में**

डिब्बों के सामान्य आवागमन क्षेत्रों में कैमरे लगाने का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा में सुधार लाना है। निजता का ध्यान रखते हुए, ये कैमरे शरारती तत्वों की पहचान करने में भी मदद करेंगे। भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के प्रयास, सुरक्षित, संरक्षित और यात्री-अनुकूल यात्रा अनुभव के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## दिग्गज अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव का निधन



**हैदराबाद :** तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता एवं भाजपा के पूर्व विधायक कोटा श्रीनिवास राव का रविवार को निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। फिल्म जगत से जुड़े सूत्रों ने जानकारी दी कि कई वर्षों से अस्वस्थ राव ने रविवार तड़के अपने आवास पर अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और बंडी संजय कुमार, अभिनेता चिरंजीवी और कई अन्य नेताओं के अलावा फिल्मी हस्तियों ने राव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री कोटा श्रीनिवास राव गारू के निधन से व्यथित हूं। उन्हें उनके सिनेमाई कौशल और बहुमुखी प्रतिभा के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने अपने मनमोहक अभिनय से विभिन्न पीढ़ियों के दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वे समाज सेवा में भी अग्रणी रहे और गरीबों व वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम किया।

## तमिलनाडु : डीजल ले जा रही मालगाड़ी में आग लगने से 18 डिब्बे जलकर खाक, रेल सेवा बाधित

**चेन्नई :** उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन यात्रियों को काफी असुविधा हुई। स्थिति को देखते हुए राज्य परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अन्नाद्रमुक प्रमुख एवं विपक्ष के नेता ई. के. पलानीस्वामी ने रेलवे अधिकारियों से आग के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय



जांच कराने की मांग की। दक्षिणी रेलवे की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, डीजल ले जा रही मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए। विज्ञप्ति के अनुसार, मालगाड़ी के 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग (वाल-ाजाबाद) जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया।

## करुणा सबसे जटिल संघर्षों को भी शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा सकती है: दलाईलामा

**नयी दिल्ली :** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने कहा कि युद्धों के कारण होने वाला दुख उन्हें व्यथित करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने कथित दुश्मनों को भी इंसान के रूप में देखें, क्योंकि ऐसी करुणा सबसे जटिल संघर्षों को भी शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा सकती है। चौदहवें दलाई लामा का छह जुलाई को 90वां जन्मदिन था। उन्होंने यह बात एक लिखित संदेश में कही, जिसे धर्मशाला से आए एक आदरणीय भिक्षु ने रविवार को यहां आयोजित एक स्मृति समारोह में पढ़कर सुनाया। भारत और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए विद्वान, शोधकर्ता और प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता यहां एक दिवसीय सम्मेलन में एकत्र हुए, जो 14वें दलाई



लामा के 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस दौरान बुद्ध धर्म की प्रासंगिकता और पारंपरिक आचार-प्रथाओं व वैज्ञानिक प्रमाणों के बीच संबंध जैसे विषयों पर चर्चा की गई। चौदहवें दलाई लामा की विरासत को समर्पित एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया, वहीं आयोजन स्थल पर एक विशेष अस्थायी प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में उनके बचपन की दुर्लभ श्वेत-श्याम तस्वीरें, 1950 के दशक में पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से उनकी मुलाकात की तस्वीरें और उनके जीवन की अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़ी तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। आयोजन स्थल पर बुद्ध के जीवन और उनसे जुड़े विभिन्न स्थलों पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इस आयोजन के लिए भेजा गया आठ जुलाई की तिथि वाला एक लिखित संदेश समदोंग रिंपोछे द्वारा पढ़कर सुनाया गया।

## 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत देहरादून में अब तक 82 ढोंगी बाबा गिरफ्तार

**देहरादून :** उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत देहरादून जिले में पुलिस ने रविवार को साधु-संतों के भेष में कथित रूप से लोगों को ठगने वाले 34 और बहरूपियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही देहरादून जिले में अब तक इस अभियान के तहत 82 ढोंगी बाबाओं की गिरफ्तारी हो चुकी है। देहरादून जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बृहस्पतिवार को शुरू किए गए अभियान के तहत पुलिस ने अनेक टीमें गठित की हैं और ऐसे



विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है जहां ढोंगी बाबाओं द्वारा धर्म की आड में लोगों की भावनाओं व आस्था से खिलवाड़ कर ठगी करने का प्रयास करने की सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को जिले भर में 34 ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अन्य राज्यों के रहने वाले हैं।

## विदेशी नहीं, बिहारी तय करेंगे बिहार का भाग्य: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार में जारी मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर सवाल उठाने के लिए विपक्षी दलों की आल-ोचना की और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल 'बिहारी' ही राज्य का भाग्य तय करेंगे, न कि विदेशी या अवैध अप्रवासी। इससे पहले दिन में अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय एजेंटों ने बिहार में घर-घर जाकर की गई मतदाता सूची की गहन समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोगों का पता लगाया है। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे और ऐसे लोगों की उचित जांच एक अगस्त के बाद की जाएगी। प्रतिक्रिया मांगे जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने पीटीआई वीडियो को बताया, बिहार के निवासी और राज्य के वैध मतदाता किसी भी मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान किसी भी समस्या का सामना नहीं कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि लेकिन नेपाल, म्यांमा और बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों और विदेशियों को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, बिहार के लोग वोट देकर राज्य का भाग्य तय करेंगे, दूसरे देशों के नागरिक नहीं।

## न्याय के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सीमाओं तक सीमित नहीं: न्यायमूर्ति सूर्य कांत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने न्याय के प्रति भारत की प्रतिबद्धता इसकी सीमाओं तक ही सीमित नहीं होने का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की अदालतों ने कुछ मामलों में अनिवासी भारतीयों को भी मौलिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान की है। स्वीडन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि भारत में न्यायालयों ने न केवल निर्णायक के रूप में कार्य किया है, बल्कि हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों को कायम रखते हुए, स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता को बनाए रखते हुए नैतिक आवाज के रूप में भी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने अनेक निर्णयों और सैद्धांतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से धर्मनिरपेक्षता, समानता और गरिमा जैसे मूल्यों को कायम रखा है, जो हमारी संवैधानिक पहचान की आधारशिला हैं। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, भारतीय न्यायपालिका ने इन जटिलताओं को तेजी से पहचाना है और अनिवासी भारतीयों के लिए न्याय को अधिक सुलभ बनाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, कुछ मामलों में, न्यायालयों ने मौलिक अधिकारों की सुरक्षा का विस्तार विदेश में रहने वालों तक भी कर दिया है, जिससे यह संदेश पुष्ट होता है कि न्याय के प्रति भारत की प्रतिबद्धता उसकी सीमाओं तक ही सीमित नहीं है।

## न्यायालय ने कानूनी सलाह देने वाले वकीलों को ईडी के तलब करने पर स्वत: संज्ञान लिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब किए जाने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने जांच अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी नहीं करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

## मिजोरम: रेलवे ने 26 साल पुराने सपने को हकीकत में बदला, बैराबी-सैरंग रेल लाइन तैयार

**आइजोल :** मिजोरम की राजधानी आइजोल के लिए किसी जमाने में सपना रही बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन आखिरकार हकीकत में तब्दील हो गयी है। बैराबी-सैरंग रेलवे लाइन की परिकल्पना सितंबर 1999 में की गयी थी और 26 वर्ष के अंतराल के बाद सरेखण, छोटे-छोटे अंतराल पर कार्य होने और लगातार भूस्खलन जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों को पार करते हुए आइजोल देश के रेलवे मानचित्र पर आ गया है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने 1999 में जो सपना देखा था, वह इस वर्ष जून में हकीकत में बदल गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस 51.38



किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। दस्तावेजों के मुताबिक, इंजीनियरों को जब 1999 में पता चला कि घने जंगल, कम दृश्यता और अन्य स्थानीय समस्याओं के कारण प्रारंभिक सर्वेक्षण संभव नहीं है, तो एक सर्वे कराने पर सहमति बनी, जिसमें मोटे तौर पर मार्ग का आकलन करना शामिल था। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, प्रारंभिक इंजीनियरिंग-सह-यातायात सर्वेक्षण (पीईटी) के तहत मार्ग की विस्तृत जांच की जाती है। पीईटी सर्वेक्षण को व्यवहार्य न पाए जाने पर बोर्ड से इसे सर्वेक्षण इंजीनियरिंग-सह-यातायात (आरईटी) सर्वे में बदलने का अनुरोध किया गया, जिस पर रेलवे बोर्ड ने 15 जुलाई, 2003 को सहमति व्यक्त की। उन्होंने बताया, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने बैराबी-सैरंग रेल संपर्क के लिए आरईटी सर्वेक्षण मार्च 2006 में किया था। इसके आधार पर, रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स) को 2008 में बैराबी-सैरंग तक एक नई 'ब्रॉड गेज' रेलवे लाइन के लिए निर्माण-पूर्व सर्वेक्षण और भू-तकनीकी जांच करने के लिए कहा गया था।

## केंद्रीय मंत्री सोनोवाल 14 जुलाई को विशाखापत्तनम में बिम्सटेक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**विशाखापत्तनम :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल 14 जुलाई को विशाखापत्तनम में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के दूसरे पत्तन सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, 15 जुलाई तक चलने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य बिम्सटेक ढांचे के तहत क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। विशाखापत्तनम बंदरगाह प्राधिकरण के सचिव टी वेणु गोपाल ने कहा, ''बिम्सटेक समुद्री सहयोग और व्यापार संपर्क के माध्यम से क्षेत्रीय एकता को बढ़ाता है।'' केंद्रीय पत्तन, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री के विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने की भी उम्मीद है। 'भविष्य की दिशा तय करना: नीली(समुद्री) अर्थव्यवस्था, नवाचार और सतत साझेदारी' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में बिम्सटेक सदस्य देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, पत्तन प्राधिकरण, समुद्री विशेषज्ञ और प्रमुख कारोबारी एक साथ आएंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमा, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के प्रतिनिधि, प्रमुख भारतीय बंदरगाहों के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी भी वहां पहुंच चुके हैं। सम्मेलन में बिम्सटेक के प्रमुख प्रतिनिधियों, भारतीय अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मुख्य भाषण दिया जाएगा। सम्मेलन में पत्तन अवसंरचना, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश के मंडी में जंगल से तीन पर्यटकों सहित चार को बचाया गया

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के मंडी में घने जंगल से पंजाब के तीन पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी को पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा देर रात चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान बचाया लिया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। खबरों के अनुसार, यह घटना शनिवार रात को हुई जब पर्यटक और धरमपुर का स्थानीय निवासी मुख्य सड़क अवरुद्ध होने के बाद एक संकरी पगडंडी पर पैदल चल पड़े। स्थानीय निवासियों के एक समूह के पीछे चलते हुए चारों लोग रास्ता भटक गए और जल्द ही पीछे छूट गए और घने जंगल में खो गए। जंगल में लगभग छह घंटे तक फंसे रहने के बाद, एक पर्यटक ने किसी तरह पुलिस से संपर्क कर मदद मांगी। तुरंत कार्रवाई करते हुए, पुलिस और एसडीआरएफ की एक टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया।

## गुजरात सरकार ने पुल हादसे के बाद नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी

अहमदाबाद : गुजरात सरकार ने महिसागर नदी में पुल हादसे के बाद दो लेन वाले एक समानांतर पुल के निर्माण को रविवार को मंजूरी दे दी और इस परियोजना से संबंधित कार्य के लिए 212 करोड़ रुपये मंजूर किए। गुजरात के वडोदरा जिले में नौ जुलाई को चार दशक पुराने एक पुल का हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। इस हादसे में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 20 हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि चार दिन बाद भी एक लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। गंभीरा गांव के पास पुराना पुल मध्य गुजरात और सौराष्ट्र के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क था। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को वडोदरा और आणंद जिलों को जोड़ने वाले मुजपुर के पास एक नए पुल के निर्माण के लिए सड़क एवं भवन विभाग को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार ने 18 महीने में नया ढांचा बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पिछले तीन वर्षों में उत्तराखंड में 200 से अधिक भ्रष्टाचारी जेल भेजे गए:पुष्कर सिंह धामी



**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रदेश में भर्ती परी-क्षाओं में अनियमितता, स्थानांतरण-पदस्थापना में रिश्वत और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे भ्रष्टाचार के मामलों में कठोर कार्रवाई की जा रही है और पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। 'भ्रष्टाचार-मुक्त उत्तराखंड' के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए यहां धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने सम्मान में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार एक ऐसा अभिशाप है जिसने दशकों तक धरती को प्रगति करने से रोका तथा लोगों के अधिकारों को लूटा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए साहसिक कदम उठाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा जो लोग भ्रष्टाचार कर रहे हैं या अपने काम में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है । पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। धामी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हर स्तर के अधिकारियों के खिलाफ हो रही है और इस धारणा को बदल दिया गया है कि घोटालों में केवल 'छोटी मछलियों' के खिलाफ कार्रवाई होती है।

## ओडिशा के पुरी जिले में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया, 6700 पक्षियों को मारा

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के पुरी जिले के एक कुक्कुट पालन केंद्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद राज्य सरकार ने आपातकालीन रोकथाम उपाय के तहत 6,700 से अधिक पक्षियों को सामूहिक रूप से मारने की कार्रवाई की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने पक्षियों को बड़े पैमाने पर मारने का फैसला जिले के देलंगा ब्लॉक के बड़ा अंकुला गांव से एकत्र किए गए नमूनों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस मिलने की पुष्टि राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (एनआईएचएसएडी), भोपाल द्वारा किये जाने के बाद लिया। उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए शनिवार और रविवार को 6,700 से अधिक पक्षियों को मारा गया। पुरी के मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी (सीडीवीओ) शरत कुमार बेहरा ने बताया कि जिस क्षेत्र में बर्ड फ्लू के मामले पाए गए हैं, वहां स्वास्थ्य टीम के साथ पांच त्वरित प्रतिक्रिया दल (आरआरटी) तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने संक्रमित क्षेत्र के अंदर और बाहर जीवित पक्षियों की आवाजाही को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है।'' बेहरा ने बताया कि गांव के एक किलोमीटर के दायरे में पक्षियों को मारने का काम पूरा करने के बाद, वायरस की जांच के लिए अन्य पांच गांवों से नमूने एकत्र किए गए हैं।

## हल्दीराम के डायरेक्टर ठगी का शिकार, मुंबई के ठगों ने ऐसे उड़ाए 9.38 करोड़ रुपये

**मुंबई :** नमकीन और मिठाई बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के एक डायरेक्टर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। मुंबई के चार लोगों ने मोटे रिटर्न का लालच देकर हल्दीराम के डायरेक्टर कमल अग्रवाल के साथ 9.38 करोड़ रुपये की ठगी की। पीटीआई ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह बारे में एक मामला नागपुर के कलमना पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। कमल अग्रवाल हल्दीराम के डायरेक्टर होने के साथ-साथ ओम इंडस्ट्रीज नाम की एक कंपनी के भी मालिक हैं।पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान मुंबई के बांद्रा निवासी समीर अब्दुल हुसैन ललानी (51), उनकी पत्नी हीना ललानी (47), बेटा अलीशान ललानी (25) और ठाणे जिले के कल्याण निवासी प्रकाश भोसले के रूप में हुई है। पुलिस ने मुताबिक इन लोगों ने अग्रवाल को बताया कि वे ड्राई फ्रूट की कंपनी रॉयल ड्राईफ्रूट प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं। उन्होंने अग्रवाल से कहा कि अगर वे इस कंपनी में निवेश करते हैं तो उन्हें 76% हिस्सेदारी मिलेगी। इस तरह उन्होंने अग्रवाल को



लालच देकर भारी 9 करोड़ रुपये से अधिक रकम हड़प ली। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पहले कमल अग्रवाल के इन-वेस्टमेंट ऑफिसर से संपर्क साधा और फर्जी बैलेंस शीट्स, बिजनस रेकॉर्ड और झूठे दस्तावेज दिखाए। उन्होंने अग्रवाल को बताया कि अगर वह कंपनी में 12.5 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे तो उन्हें 35% पार्टनरशिप मिलेगी। अग्रवाल उनके झांसे में आ गए। जनवरी से जून 2023 के बीच कमल अग्रवाल ने ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए आरोपियों को 4.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। कुल मिलाकर उन्होंने 9.38 करोड़ रुपये का निवेश किया। आरोपियों ने उन्हें 76% हिस्सेदारी देने का वादा किया था।अग्रवाल ने इस बारे में नागपुर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। दरअसल उन्हें इस इन्-वेस्टमेंट में कुछ गड़बड़ी का शक हुआ। इसके बाद उन्होंने दस्तावेजों की असलियत की जांच करवाई। लेकिन सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर: इस्लामी संगठनों के एक समूह ने शिया नेता इमरान अंसारी के बहिष्कार का आह्वान किया

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में इस्लामी संगठनों के एक समूह मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) ने रविवार को कथित 'भड़काऊ' बयानों के लिए शिया नेता और पूर्व मंत्री इमरान अंसारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सामुदायिक बहिष्कार का आह्वान किया। मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा में सुन्नी और शिया दोनों ही इस्लामी विचारधाराओं के विद्वान और नेता शामिल हैं। संगठन ने एक बयान में कहा कि इमरान रजा अंसारी द्वारा लगातार और जानबूझकर की जा रही उकसावे की गतिविधि पर वह अपनी गहरी पीड़ा व कड़ी निंदा व्यक्त करना चाहता है।

### नेपाल : काठमांडू हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिक गिरफ्तार, कोकीन बरामद

**काठमांडू :** नेपाल पुलिस ने यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से कोकीन बरामद की है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। पुलिस ने एक बयान में बताया कि मुंबई के रहने वाले 49 वर्षीय अब्दुस समद जमाल मंसूरी को शुक्रवार को हवाई अड्डे के आगमन पार्किंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंसूरी के पास से तीन किलोग्राम 400 ग्राम कोकीन बरामद की। पुलिस ने बताया कि भारतीय नागरिक कतर एयरवेज की उड़ान से अजरबैजान से काठमांडू पहुंचा था। बयान में बताया गया कि मंसूरी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

### जम्मू कश्मीर: अनंतनाग में मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर :** श्रीनगर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अनंतनाग जिले में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विभाग ने एक बयान में बताया, ''एनसीबी श्रीनगर जोन ने एक पूर्व आतंकवादी सहित दो प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ दक्षिण कश्मीर में चल रहे एक मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ कर लिया है।'' ब्यूरो ने आठ और नौ जुलाई को अनंतनाग जिले के बिजबेहरा क्षेत्र में एक अभियान शुरू किया था। इसमें कहा गया है, ''अभियान में लगभग 28 किलोग्राम अफीम का चूरा (पोस्त) जब्त किया गया और शब्बीर अहमद तथा मोहम्मद अमीन इन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।''

### ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत

**भुवनेश्वर/जाजपुर :** ओडिशा के जाजपुर, जगतसिंहपुर, संबलपुर और भद्रक जिलों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जाजपुर जिले के जेनापुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 65 वर्षीय एक किसान की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई, जब वह अपने खेतों में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि संबलपुर जिले के कुचिंडा इलाके में एक पेड़ के नीचे शरण लेते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक और व्यक्ति की मौत हो गई।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड में दो सह आरोपियों को मिली जमानत

**शिलांग :** शिलांग की एक स्थानीय अदालत ने इस साल मई में इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में दो सह-आरोपियों लोकेंद्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार को जमानत दे दी है। सोनम मेघालय से भागने के बाद इंदौर स्थित जिस फ्लैट में रुकी थी तोमर उस फ्लैट का मालिक है और बलबीर वहां सुरक्षा गार्ड था। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को तोमर और अहिरवार को ज़मानत दे दी क्योंकि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया था।

## हरिकृष्णन ए रा भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने



**नयी दिल्ली:** हरिकृष्णन ए रा 2022 में चेन्नई में जब ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर मोहनराज की अकादमी से जुड़े तो उनके बारे में इस कोच ने जो सबसे पहली चीज देखी वह उनका गणना करने का कौशल था। चौबीस साल के हरिकृष्णन ने शुक्रवार को फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टन बने जिससे मोहनराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि कुछ महीनों के भीतर उनकी अकादमी के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया। श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, ''दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से जिन ग्रैंडमास्टर्स को मैं लगातार प्रशिक्षित कर रहा हूं, उनकी वजह से यह बहुत अच्छा लग रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह मेरे और हरिकृष्णन, दोनों के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उन्होंने लगातार दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म गंवा दिए थे।' मोहनराज को वह समय याद है जब अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन चुके हरिकृष्णन ग्रैंडमास्टर बनने के लिए मार्गदर्शन लेने उनकी अकादमी में आए थे। उन्होंने कहा, 'वह मेरे पास 2022 में शायद अक्टूबर के अंत में आया। वह बहुत ही मजबूत अंतरराष्ट्रीय मास्टर था। उसी समय मेरी अकादमी में नियमित शिविर में अधिक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स आने लगे थे।

### भारत की मिश्रित टीम निशानेबाजी विश्व कप के पदक दौर में जगह बनाने से चूकी

**लोनाटा:** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए जिसके साथ भारत का अभियान आईएसएसएफ लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही। एक दिन पहले महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रही नीरू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 75 में से केवल एक ही निशाना चूका जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में लय में नहीं दिखे और छह निशाने चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी की पदक दौर में जगह बनाने की संभावनाओं को झटका लगा।

### ट्रंप फीफा क्लब विश्व कप फाइनल मुकाबले को देखने पहुंचेंगे

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प फीफा क्लब विश्व कप फाइनल मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। इस मैच से ट्रंप को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के आयोजन की तैयारियों को परखने का मौका मिलेगा। ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया के साथ न्यू जर्सी में बेडमिंस्टर स्थित अपने गोल्फ क्लब से 64 किमी दूर ईस्ट रदरफोर्ड की यात्रा करेंगे ताकि मेटलाइफ स्टेडियम में पेरिस सेंट जर्मेन और चेल्सी के बीच होने वाले फाइनल मैच को देख सकें। इस साल पदभार संभालने के बाद से ट्रंप की यात्राओं में खेल टूर्नामेंट का बड़ा हिस्सा रहा है। फुटबॉल टूर्नामेंट से जुड़ी इस यात्रा से पहले वह न्यू ऑरलियन्स में सुपर बाउल, फ्लोरिडा में डेटोना 500, मियामी, नेवार्क और न्यू जर्सी में यूएफसी फाइट्स के अलावा फिलाडेल्फिया में एनसीएए कुश्ती चैंपियनशिप में शामिल हुए हैं।

# आज का दिन रोमांचक, भारत को जीत के लिए 135 रन, इंग्लैंड को छह विकेट की दरकार



**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट का परिणाम आज अब आखिरी दिन तय होगा। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने चौथे दिन स्टंप तक 58 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए हैं। जीत के लिए उसे अभी 135 रन और बनाने हैं, जबकि इंग्लैंड को छह विकेट की जरूरत है।सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे, जबकि करूण नायर (14) और कप्तान शुभमन गिल (06) भी सस्ते में निपटे। दिन का अंत रात्रिप्रहरी आकाश दीप के आउट होने के साथ हुआ। क्रीज पर केएल राहुल 33 रन बनाकर डटे हुए हैं। इससे पहले, इंग्लैंड की दूसरी पारी वाशिंगटन सुंदर की शानदार गेंदबाजी के दम पर 192 रन पर सिमट गई। सुंदर ने 4 विकेट लिए, जबकि सिराज और बुमराह ने दो-दो सफलताएं हासिल कीं। सुंदर ने स्टोक्स (33) और आखिरी बल्लेबाज बशीर (2) को आउट कर पारी समेटी। इंग्लैंड ने चाय तक छह विकेट पर 175 रन बना लिए थे, लेकिन अंतिम सत्र में 17 रन के भीतर शेष चार विकेट गिरा दिए।रविवार को भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। सिराज ने सुबह के सत्र में डकेट और पोप को आउट कर इंग्लैंड को दबाव में ला दिया। नीतिश रेड्डी और आकाशदीप ने भी एक-एक विकेट चटकाया। सुंदर और जडेजा को भी पिच से काफी मदद मिली।पहली पारी में दोनों टीमें 387 रन बनाकर बराबरी पर रहीं, जिससे मुकाबला पूरी तरह से संतुलन में आ गया है। अब पांचवें दिन जीत किसकी होगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

## सिनर ने गत चैंपियन अल्काराज को हराकर पहला विम्बलडन खिताब जीता



**लंदन :** शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में पिछले दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर पहला विम्बलडन और चौथा ग्रैंडस्लैल खिताब जीता। इस तरह इटली के खिलाड़ी सिनर ने पांच हफ्ते पहले हुए फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल के नतीजे को भी बदल दिया। अब सिनर दूसरी रैंकिंग पर काबिज स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज से कुल ग्रैंडस्लैम खिताब से एक कदम दूर हैं। इस जीत से सिनर ने 22 वर्षीय अल्काराज के लगातार खिताब जीतने के सिलसिले को भी तोड़ दिया। अल्काराज ने सिनर के खिलाफ पिछले पांच मुकाबले जीते थे जिसमें हालिया जीत आठ जून को रोलां गैरां में लगभग साढ़े पांच घंटे तक चली पांच सेटों की भिड़ंत में आई थी। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त बना ली थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके। इससे अल्काराज का मेजर फाइनल में स्कोर 5-0 हो गया था। सिनर ने ऑल इंग्लैंड क्लब में ऐसे मैच में अपनी छाप छोड़ी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। हालांकि बीच-बीच में चूक भी हुई। अल्काराज ने सेंटर कोर्ट में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 24 मैच की जीत के साथ उतरे थे। उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 20 मैच जीते थे जिसमें 2023 और 2024 के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ जीत भी शामिल है। विंबलडन में पिछली बार अल्काराज को हराने वाले खिलाड़ी सिनर हैं जिन्होंने 2022 में चौथे दौर में उन्हें शिकस्त दी थी।

## कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस विम्बलडन महिला युगल चैंपियन बनीं



**लंदन:** वेरोनिका कुदेरमेटोवा और एलिस मेर्टेंस की जोड़ी ने रविवार को विम्बलडन महिला युगल के फाइनल मेंहसीह सु-वेई और येलेना ओस्टापेंको को 3-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी। कुदेरमेटोवा पहली बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनी है जबकि मेर्टेंस का यह पांचवां ग्रैंड स्लैम और दूसरा विम्बलडन युगल खिताब है। कुदेरमेटोवा और मेर्टेंस 2021 के फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ थीं, लेकिन इस साल विंबलडन में पहली बार एक साथ खेल रही थीं। यह जोड़ी तीसरे सेट में 2-4 से पीछे थी लेकिन फिर शानदार वापसी करते हुए अंतिम चार गेम को भुना कर खिताब जीतने में सफल रही। कुदेरमेटोवा ने कहा, ''मैं वह (2021) फाइनल हार गई थी और वह बहुत निराशाजनक था। आज मैंने खुद से कहा था कि मुझे यह खिताब चाहिये। और अब यह मेरा है।''हसीह ने तीन अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ विम्बलडन युगल का खिताब चार बार जीता है। ओस्टापेंको ने 2017 का फ्रेंच ओपन एकल खिताब जीता था और पिछले साल ल्यूडमिला किचेनोक के साथ अमेरिकी ओपन जीतने के बाद वह अपना दूसरा बड़ा युगल खिताब जीतना चाह रही थीं।

## शेफाली के अर्धशतक के बावजूद हारा भारत, श्रृंखला 3-2 से जीती




**बर्मिंघम:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 सीरीज जीतकर इतिहास रचा। हालांकि, शनिवार को खेले गए पांचवें और अंतिम मुकाबले में भारत को आखिरी गेंद पर 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी। इसके बावजूद भारत ने श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शेफाली वर्मा (75 रन, 41 गेंद) की शानदार पारी के दम पर 7 विकेट पर 167 रन बनाए। शेफाली ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 14 चौके, 1 छक्का जड़ा। जवाब में इंग्लैंड ने सोफिया डंक्ले (46) और डेनियली वॉट हॉज (56) की बदौलत 10.4 ओवर में ही 101 रन जोड़ दिए। भारत ने कुछ विकेट लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन ब्युमोंट और बूचियर ने टीम को आखिरी ओवर तक पहुंचाया। अंतिम छह रन इंग्लैंड ने आखिरी गेंद पर पूरे कर मैच जीत लिया।अब दोनों टीमें 16 जुलाई से साउथम्पटन में वनडे सीरीज खेलेंगी।

### पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की

**लुसर्ने (स्विट्जरलैंड:** नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे पोलैंड ने शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहे पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया। सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दोनों ही टीम पहले ही ग्रुप सी से नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकीं थी।

### इवानोव ने अमेरिकी क्वालीफायर कार्की को हराकर विंबलडन जूनियर खिताब जीता

**लंदन:** बुल्गारिया के इवान इवानोव ने रविवार को यहां विंबलडन जूनियर फाइनल में अमेरिका के रोनित कार्की को 6-2, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। सोलह वर्षीय इवानोव 2008 में ग्रेगर दिमित्रोव के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे बुल्गेरियाई खिलाड़ी बने। कार्की के खिलाफ उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने 22 विनर लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने छह विनर लगाए। कार्की 2014 में नोआ रुबिन के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले क्वालीफायर बनने की कोशिश कर रहे थे।

समाज्ञा

व्यापार

## मर्सिडीज बेंज इंडिया की सितंबर से अपने वाहन के दाम एक-डेढ़ प्रतिशत बढ़ाने की योजना



**नयी दिल्ली:** यूरो के मुकाबले रुपये के कमजोर होने की वजह से लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपने वाहन के दाम एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है। मर्सिडीज इस साल पहले ही जनवरी और जुलाई में अपने वाहन के दाम बढ़ा चुकी है। अय्यर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, 'सितंबर में यूरो के कारण कीमतों में एक और बढ़ोतरी होने वाली है। अगर आप देखें, तो पिछले एक महीने में यूरो 100 रुपये के स्तर पर बना हुआ है, और इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इसलिए, हमें सितंबर में भी कीमतों में बढ़ोतरी करनी होगी।'' उन्होंने कहा कि कंपनी वाहन कीमतों में एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कीमतों में बढ़ोतरी से बिक्री प्रभावित हो सकती है, अय्यर ने कहा कि ब्याज दरों में कमी की वजह से खरीदारों के लिए ईएमआई (मासिक किस्त) भुगतान काफी हद तक संतुलित हो रहा है।

## लिथियम के लिए रूस की कंपनी के साथ बातचीत कर रही है एनएलसी इंडिया

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया अफ्रीका स्थित खदान से लिथियम प्राप्त करने के लिए रूस की एक सरकारी कंपनी के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश स्वच्छ ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए लिथियम की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपाय कर रहा है। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एनएलसी इंडिया, अफ्रीका के माली में एक लिथियम ब्लॉक में इक्विटी भागीदारी के लिए रूस की एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के साथ बातचीत कर रही है। भारत घरेलू और विदेशी बाज़ारों में लिथियम ब्लॉक की खोज और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण खनिज की मांग बढ़ रही है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी विनिर्माताओं की ओर से। एनएलसी इंडिया के मुख्य कारोबार में कोयला और लिग्नाइट के खनन के साथ-साथ बिजली उत्पादन भी शामिल है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने भारत और विदेशों में नवीकरणीय ऊर्जा और कोयला खनन कारोबार में विविधीकरण किया है। कंपनी ने नीलामी के पांचवें दौर में दो महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक हासिल किए थे। इसने छत्तीसगढ़ राज्य में दो फॉस्फोराइट और चूना पत्थर ब्लॉक जीते थे। एनएलसी इंडिया लिमिटेड का मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 468.46 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 113.95 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा कमाया था।

# जून में भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर



**नयी दिल्ली:** इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने के कारण जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में छह प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शोध संस्थान ने कहा, रूस से किए गए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85 प्रतिशत से ज़्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन पिछले लगभग तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में, भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से लगभग 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2 प्रतिशत की गिरावट है। सऊदी अरब से आयात 5,81,000 बैरल प्रतिदिन (मई से लगभग अपरिवर्तित) रहा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात 6.5 प्रतिशत बढ़कर 4,90,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

### कमजोर डॉलर, वैश्विक जोखिम के चलते अगले सप्ताह सोने में रह सकती है तेजी: विश्लेषक

**नयी दिल्ली:** वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में लगातार कमजोरी और व्यापार संबंधी घटनाक्रमों के चलते आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में मजबूती रहने की संभावना है। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (सीपीआई) और खुदरा बिक्री के आंकड़ों पर कड़ी नज़र रखेंगे, जिससे सर्राफा कीमतों को और दिशा मिल सकती है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, जिंस एवं मुद्रा, उपाध्यक्ष जतीन त्रिवेदी ने कहा कि आने वाले हफ्ते में सोने के मजबूत कारोबार की उम्मीद है, बशर्ते यह एमसीएक्स पर 97,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से ऊपर बना रहे। त्रिवेदी ने कहा, व्यापार शुल्कों को लेकर नए सिरे से चिंता और डॉलर सूचकांक में लगातार कमजोरी वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा रही है, जिससे जोखिम भरी संपत्तियों से हटकर सुरक्षित निवेश जैसे सर्राफा साधनों की ओर रुझान बढ़ रहा है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 2.07 लाख करोड़ रुपये घटा



**नयी दिल्ली:** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 56,279.35 करोड़ रुपये घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रह हैं। शुक्रवार को टीसीएस के शेयर में लगभग 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 54,483.62 करोड़ रुपये घटकर 10,95,887.62 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 44,048.2 करोड़ रुपये घटकर 20,22,901.67 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,818.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,62,564.94 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,556.84 करोड़ रुपये घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.25 करोड़ रुपये घटकर 5,83,322.91 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 4,370.71 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 15,20,969.01 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 2,989.75 करोड़ रुपये घटकर 7,21,555.53 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 42,363.13 करोड़ रुपये बढ़कर 5,92,120.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयर में शुक्रवार को लगभग पांच प्रतिशत का उछाल आया।

## भारत के 'फुटवियर' क्षेत्र में निवेश करना चाहती हैं ताइवान, वियतनाम की कंपनियां : सीएलई



**नयी दिल्ली:** ताइवान और वियतनाम की कंपनियां भारत के गैर-चमड़ा फुटवियर क्षेत्र में निवेश करने की इच्छुक हैं। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन आर के जालान ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन देशों की कंपनियों के निवेश को सुगम बनाने के लिए सरकारी समर्थन बेहद ज़रूरी है। जालान ने कहा कि ताइवान और वियतनाम की ये कंपनियां चीन जैसे देशों से जूतों के सोल, सांचे, मशीनरी और कपड़े जैसे उत्पाद आयात करती हैं। उन्होंने कहा, ''वियतनामी और ताइवानी कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। हमें उनका समर्थन करने की ज़रूरत है ताकि वे अपनी विनिर्माण सुविधाओं के लिए इन वस्तुओं का देश में आसानी से आयात कर सकें।'' जालान ने कहा कि देश का निर्यात अच्छी दर से बढ़ रहा है और परिषद 2025-26 में सात अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के निर्यात का लक्ष्य लेकर चल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 5.75 अरब डॉलर रहा था। 95.7 करोड़ डॉलर (लगभग 20 प्रतिशत हिस्सेदारी) मूल्य के निर्यात के साथ अमेरिका भारतीय निर्यातकों के लिए शीर्ष गंतव्य रहा। इसके बाद ब्रिटेन (11 प्रतिशत) और जर्मनी का स्थान है। जालान ने कहा,'हमें इस वर्ष निर्यात में लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने से निर्यात और रोजगार सृजन को और बढ़ावा मिलेगा।'

### बीते वित्त वर्ष में वेदांता का भाजपा को चंदा चार गुना होकर 97 करोड़ रुपये पर, कांग्रेस को घाटा

**नयी दिल्ली:** अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल की खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड द्वारा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चंदा राशि 2024-25 में चार गुना होकर 97 करोड़ रुपये रही है। कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। कंपनी ने रिपोर्ट में 'विविध मद' के अंतर्गत, राजनीतिक दलों को चंदे के साथ-साथ अपनी मूल कंपनी लंदन में सूचीबद्ध वेदांता रिसोर्सेज पीएलसी को किए गए प्रबंधन और ब्रांड शुल्क व्यय का विवरण दिया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में कुल 157 करोड़ रुपये का राजनीतिक चंदा दिया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 97 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के अनुसार, एक तरह जहां भाजपा को दिया गया चंदा चार गुना हो गया, वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चंदा घटकर सिर्फ 10 करोड़ रुपये रह गया। बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने भारतीय जनता पार्टी को 97 करोड़ रुपये का चंदा दिया। यह राशि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सिर्फ 26 करोड़ रुपये थी। बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने बीजू जनता दल को 25 करोड़ रुपये (इससे पिछले वित्त वर्ष में 15 करोड़ रुपये), झारखंड मुक्ति मोर्चा को 20 करोड़ रुपये (इससे पिछले वित्त वर्ष में पांच करोड़ रुपये) और कांग्रेस को 10 करोड़ रुपये (पिछले वित्त वर्ष में भी 49 करोड़ रुपये) का चंदा दिया। वेदांता राजनीतिक दलों को चंदा देने के मामले में सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। वित्त वर्ष 2022-23 में इसने राजनीतिक दलों को कुल 155 करोड़ रुपये और 2021-22 में 123 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। हालांकि, इन वित्त वर्षों के लिए चंदा पाने वाले राजनीतिक दलों का ब्योरा नहीं दिया गया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3296 अंक 106, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in